सु-विचार
अंधेरा चाहे कितना भी गहरा हो, सूरज उसे हर दिन हरा देता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
खबरों की बुलंद आवाज

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष, 12 | पृष्ठ 12 | अंक 02 | रांची, सोमवार, 02 मार्च 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com










## अमेरिका-इजराइल-ईरान जंग


# मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई

### अमेरिका-इजराइल हमले में खामेनेई की मौत से संकट गहराया

एजेंसी

**इजराइल।** इजराइल और अमेरिका ने मिलकर ईरान पर हमला किया है. जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी हमला किया है. ईरान ने कई अमेरिकी ठिकानों पर हमले करने का दावा किया है. अमेरिकी हमले में ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अली खामेनेई मारे गए. ईरान के रक्षा मंत्री भी मारे गए हैं. ईरानी सेना के नए प्रमुख अहमद वाहिदी बन गए हैं. संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर और सऊदी अरब - ये सभी देश सीधे तौर पर इजरायल-ईरान युद्ध में घसीटे गए हैं. पश्चिम एशिया आग की लपटों में घिरा है. मिसाइलों और ड्रोन हमलों से वैश्विक वाणिज्य, विमानन, पर्यटन और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं.

### "दुनिया भर में प्रतिक्रिया"



**तेहरान/तेल अवीव/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले में ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्लाह खामेनेई की मौत से पूरी दुनिया में हलचल मच गई है। हमले में खामेनेई के साथ ईरान के रक्षा मंत्री और रिवोल्यूशनरी गार्ड के प्रमुख की मौत दुनिया भर में मिश्रित प्रतिक्रिया हुई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई को महान नेता बताते हुए कहा कि खामेनेई की हत्या करने वालों ने मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों का उल्लंघन किया है। चीन ने इस कृत्य को नामंजूर बताया। इस घटनाक्रम के बीच अयातुल्ला अलीरेजा को ईरान का अंतरिम सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया है। हमले के दूसरे दिन भी दोनों पक्षों के बीच तनाव कम होता नहीं दिख रहा। ईरान की पलटवार की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ऐसा नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा किया गया तो ऐसा हमला किया जाएगा जो पहले कभी नहीं देखा गया।

### यूएई ने 165 बैलिस्टिक मिसाइलें और 541 ड्रोन निष्क्रिय किए, तीन विदेशी नागरिकों की मौत

अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि ईरानी हमले की शुरूआत (28 फरवरी, 2026) के बाद से देश की वायुसेना और एयर डिफेंस सिस्टम ने अब तक 165 बैलिस्टिक मिसाइलों, दो क्रूज मिसाइलों और 541 ड्रोन का सामना किया है। मंत्रालय के अनुसार, इनमें से अधिकांश खतरों को हवा में ही निष्क्रिय कर दिया गया।

## केंद्र सरकार सरकार सिखों के लिए सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धःप्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार सरकार सिखों के लिए सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नवी मुंबई में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम को आज प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरूआत जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के उद्घोष के साथ करते हुए उन्होंने कहा कि आज सभी लोग हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व पर उनका पुण्य स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास शौर्य, समन्वय और सहयोग का इतिहास रहा है तथा महाराष्ट्र की धरती पर आयोजित यह कार्यक्रम उसी महान विरासत का साक्षी है। उनके अनुसार हर वर्ग ने गुरुजी से प्रेरणा लेकर सत्य और संस्कृति के लिए अडिग रहना सीखा। सिख विरासत को सम्मान पर उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गुरु साहिबों से जुड़े ऐतिहासिक अवसरों को राष्ट्रीय स्तर पर मना रही है, जिसमें 400वां प्रकाश पर्व, स्मृति डाक टिकट और विशेष सिक्का जारी करना तथा गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व मनाना शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने वीर बाल दिवस की शुरूआत की, करतारपुर साहिब कॉरिडोर का निर्माण रिकॉर्ड समय में पूरा किया, हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए सुविधाएं बढ़ाईं तथा सिख संस्थाओं को विभिन्न स्तरों पर राहत प्रदान की। उन्होंने 1984 दंगों की जांच के लिए एसआईटी गठन, मामलों को दोबारा खोलने, पीड़ितों को अतिरिक्त मुआवजा देने और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को सक्रिय बनाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में सिखों की सुरक्षा के प्रश्न पर सरकार ने मिशन मोड में काम किया, गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूपों को सम्मानपूर्वक वापस लाया और नागरिकता संशोधन कानून के माध्यम से उत्पीड़ित सिख शरणार्थियों को राहत दी। उन्होंने बताया कि यह समागम एक निरंतर चलने वाली यात्रा है, जिसकी शुरूआत पिछले वर्ष नागपुर से हुई, फिर तख्त श्री हजूर साहिब में इसका विस्तार हुआ और अब नवी मुंबई में यह महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंची है।

### मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस बार्सिलोना में

## भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे केंद्रीय मंत्री सिंधिया

एजेंसी



**नई दिल्ली.।** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 2 से 5 मार्च तक स्पेन के बार्सिलोना में होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। संचार मंत्रालय ने बताया कि बार्सिलोना पहुंचकर सिंधिया सम्मेलन में भारत मंडप का उद्घाटन करेंगे। इसके माध्यम से भारत की दूरसंचार विनिर्माण क्षमता और नवाचार पारितंत्र को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। वह इंडिया मोबाइल कांग्रेस के कर्टेन रेजर का भी अनावरण करेंगे। इस दौरान ज्योतिरादित्य सिंधिया जीएसएमए मंत्रिस्तरीय कार्यक्रम में बिल्ट फॉर व्हाट्स नेक्स्ट सत्र को संबोधित करेंगे। इस सत्र में भविष्य की डिजिटल अवसंरचना और उभरती प्रौद्योगिकी ढांचे पर चर्चा होगी।

## भारत में फंसे विदेशी नागरिकों के लिए सरकार ने जारी किया परामर्श

### वीजा विस्तार के लिए एफआरआरओ से संपर्क करने की अपील

एजेंसी


**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व एशिया में अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों और ईरान के जवाबी पलटवार के बाद उत्पन्न गंभीर स्थिति के बीच भारत सरकार ने देश में फंसे विदेशी नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। विदेश मंत्रालय ने परामर्श में कहा गया है कि है कि इस घटनाक्रम के कारण जिन विदेशी नागरिकों की भारत से प्रस्थान योजना प्रभावित हुई है और उन्हें अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी है, वे अपनी वीजा अवधि बढ़ाने अथवा ठहराव को नियमित कराने के लिए निकटतम विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय से तत्काल संपर्क करें। मंत्रालय ने कहा कि संबंधित विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय प्रभावित नागरिकों को आवश्यक औपचारिकताओं के निर्वहन में पूर्ण सहायता प्रदान करेगा, ताकि उनकी उपस्थिति विधिसम्मत बनी रहे। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय तनाव के कारण कई अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाओं ने उड़ानें निलंबित कर दी हैं। कुछ क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र बंद होने से भारत में ठहरे विदेशी नागरिकों की वापसी प्रभावित हुई है।

### ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले से मुरादाबाद निर्यातक चिंतित

**मुरादाबाद।** ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद मुरादाबाद के हस्तशिल्प उत्पाद के करीब 2500 निर्यातक चिंतित हैं। भारतीय निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन का मानना है कि इस हमले से निर्यातकों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ेगा। अमेरिका व इजराइल और ईरान के युद्ध की वजह से फ्रैंकफुर्त मेले व दिल्ली फेयर में मिले आर्डर अब होल्ड कर दिए जाएंगे। भारतीय निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन मुरादाबाद निवासी डॉ नीरज विनोद खन्ना ने बताया कि जिले से हर साल आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक के हस्तशिल्प उत्पाद का निर्यात होता है। इसमें सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका, जापान समेत मिडिल ईस्ट देशों में होता है। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध चलता रहा तो हस्तशिल्प उत्पाद का कारोबार प्रभावित होगा और निर्यातकों के आर्डर रुक जाएंगे। इसके साथ ही जिन आर्डरों पर खरीदारों से बातचीत चल रही है वह भी बंद हो जाएगी।

## धमाके में सहायक कमांडेंट के बाद मुठभेड़ में एक जवान घायल


उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल के मरंगपोंगा और कोलभंगा इलाके में रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट होने से सीआरपीएफ की कोबरा 209 बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक घायल हो गए। धमाके के तुरंत बाद नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें कोबरा बटालियन के हवलदार विक्रम यादव को गोली लग गई। बताया जा रहा है कि उनके पेट में गोली लगी है और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबल खुफिया सूचना के आधार पर जराइकेला थाना क्षेत्र के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान पूर्व से बिछाए गए आईईडी में जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके की चपेट में आने से एक अन्य जवान भी घायल हो गया। विस्फोट के बाद नक्सलियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। कुछ समय तक दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सर्च अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट के बाद मुठभेड़ हुई है।

## पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट,सहायक कमांडेंट घायल, हालत गंभीर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



### आईईडी विस्फोट में घायल सहायक कमांडेंट सहित दो जवान हेलीकॉप्टर से लाए गए रांची, इलाजरत



**पश्चिमी सिंहभूम ।** झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान आज सुबह आईईडी विस्फोट से 209 कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई। घटना की पुष्टि पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेणु ने की है। सुरक्षा बलों को सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर 209 कोबरा बटालियन और जिला पुलिस की संयुक्त टीम सर्च ऑपरेशन के लिए जंगल में निकली थी। टीम दुर्गम और घने इलाके से गुजर रही थी, तभी जमीन के नीचे प्लांट किया गया प्रेशर आईईडी अचानक फट गया। विस्फोट की चपेट में आने से सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

## रांची में उत्पाद विभाग की कार्रवाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** होली और रामनवमी पर्व को लेकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध एवं नकली शराब बरामद की तथा आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विधानसभा थाना क्षेत्र के महुआ टोली एवं डहु टोली, नगड़ी थाना अंतर्गत गागी टोली और सेम्बो तथा बेड़ों थाना क्षेत्र के इटा चिनरी गांव में एक साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान इटा चिनरी से 09 पेटी में कुल 290 पीस यानी 73.65 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले में एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब, बियर, अवैध चुलाई शराब तथा जावा महुआ जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुल सात अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

## नागपुर फैक्ट्री विस्फोट में 17 लोगों की मौत

### 18 घायल, मुख्यमंत्री ने की आर्थिक मदद की घोषणा

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' में हुए धमाके में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को तत्काल नागपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7:15 बजे फैक्ट्री की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि यूनिट में तुरंत भीषण आग लग गई और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों को भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) तथा औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय (डीआईएएस) के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रशासन को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### नागपुर कारखाने विस्फोटः प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक कारखाने में हुए भीषण विस्फोट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे की घोषणा की गयी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, ₹महाराष्ट्र के नागपुर स्थित एक कारखाने में हुआ विस्फोट अत्यंत दुखद है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### मध्य पूर्व तनाव से हवाई सेवा प्रभावित

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द



**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व संकट के बीच राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर रविवार को 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट के कारण विमानन कंपनियां परिचालन संबंधी दिक्कतों से जूझ रही हैं। पश्चिम एशिया में ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर आईजीआईए पर प्रस्थान एवं आगमन से संबंधित क्रमशः 60 और 40 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गई हैं।टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने अब तक विदेश के लिए 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। इस बीच इंडिगो ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर कहा है कि हम मिडिल ईस्ट और आस-पास के इलाकों में हो रहे डेवलपमेंट पर पूरी सावधानी से नजर रख रहे हैं। हम समझते हैं कि यह समय अनिश्चित लग सकता है और हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि हर फैसला सावधानी और समझदारी से लिया जा रहा है। एयरलाइन ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए मिडिल ईस्ट एयरस्पेस का इस्तेमाल करने वाली कुछ इंटरनेशनल उड़ानों का अस्थाई निलंबन 2 मार्च की रात 11:59 बजे आईएसटी तक बढ़ा दिया गया है।

# कुड़मी ने लड़कर लिया झारखंड, अब फिर संघर्ष कर लेगा अधिकार : शीतल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ (प्रभात तारा) मैदान में रविवार को वृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन किया गया। महारैली की अध्यक्षता समिति के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र महतो एवं सखीचंद महतो ने संयुक्त रूप से किया। रैली में राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल हुए।



महारैली में वक्ताओं ने कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान देने की लंबित मांगों पर केंद्र एवं राज्य सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि कुड़मी समाज पिछले 75 वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और अब अपने संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए पुनः आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि छह सितंबर 1950 के निर्णय के बाद कुड़मी समाज को जनजातीय अधिकारों से वंचित कर पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया।

ओहदार ने कहा कि ब्रिटिश काल की जनगणनाओं में कुड़मियों को जनजातीय श्रेणियों में शामिल किया गया था, लेकिन आजादी के बाद उन्हें इस श्रेणी से बाहर कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्रों में निवास करने के कारण समाज को अधिकारों से दूर रखा गया।

पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कुड़मी समाज को शीघ्र एसटी सूची में शामिल करने और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो पूरे झारखंड में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी।

शिक्षाविद डॉ. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि कुड़मी समाज लंबे समय से संवैधानिक अधिकारों से वंचित है। उन्होंने आगामी जनगणना में जाति के रूप में ह्यकुड़मीह्व और भाषा के रूप में ह्यकुड़मालीह्व दर्ज कराने का आह्वान किया।

भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी के कारण कुड़मी समाज अब भी पिछड़ेपन का सामना कर रहा है। उन्होंने समाज से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और राजनीतिक रूप से संगठित होने की अपील की।

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि झारखंड गठन के बाद भी आरक्षण व्यवस्था का सबसे अधिक प्रभाव कुड़मी समाज पर पड़ा है, जिससे युवाओं में बेरोजगारी बढ़ी है और सरकारी सेवाओं में समाज की भागीदारी सीमित रह गई है।

कुड़मी समाज की महिला अध्यक्ष सुषमा महतो ने कहा कि समाज की पारंपरिक बाईसी प्रथा आज भी सामाजिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कुड़मियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करना आवश्यक है।

महारैली में कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें आगामी जनगणना में कुड़मी जाति एवं कुड़माली भाषा दर्ज कराने, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने, युवाओं को उन्नत कृषि एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मार्गदर्शन के लिए नियमित कार्यक्रम चलाने का निर्णय शामिल है। कार्यक्रम में रणधीर चौधरी, संजय लाल महतो, थानेश्वर महतो, रामचंद्र महतो, कपिल देव महतो, पार्वती देवी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। महारैली में हजारों महिला-पुरुषों की भागीदारी ने समाज की एकजुटता और अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता को दशार्या।

## रांची स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन

**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिवस रविवार को रांची में बीआईटी मोड़ स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने केक काटकर कार्यकताओं के बीच मिठाई वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार भारतीय राजनीति के देदीप्यमान नक्षत्र और बिहार के अतुलनीय मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे लंबे समय तक बिहार और देश की सेवा करते रहें। इस अवसर पर जदयू नेता डॉ. आफताब जमील, भगवान सिंह, सागर कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, शिवानी लता, उपेंद्र सिंह, मनोज सिंह, आशीष शीतल मुंडा, अजय सोनी, महेश्वर चौधरी, राजनारायण पटेल, दिलीप महतो तथा रामजी प्रसाद सहित कई नेताओं और कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने उनके नेतृत्व में सुशासन और विकास की निरंतर कामना करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया।



## होली को लेकर चांडिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न, संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी निगरानी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चांडिल।** रंगों के त्योहार होली को लेकर चांडिल पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। पर्व के मद्देनजर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित कर प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि उत्सव की आड़ में किसी भी प्रकार की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी डिल्सन बिरुआ ने की, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।



बैठक के दौरान पुलिस ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का पर्व है, लेकिन यदि किसी ने शराब के नशे में हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, सड़क पर स्टंटबाजी या सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो उस पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से बाइक चलाने वालों पर निगरानी रखने की बात कही गई।

प्रशासन ने यह भी जानकारी दी कि पर्व के दिन संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। नियमित गश्ती, चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान तथा सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी बढ़ाई जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पैनी नजर रखी जाएगी ताकि किसी भी अफवाह को तुरंत रोका जा सके। बैठक में मौजूद सदस्यों ने भी शांति और सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंत में लोगों से अपील की गई कि वे परंपराओं का सम्मान करते हुए संयमित और सुरक्षित तरीके से होली मनाएं, ताकि त्योहार की खुशियां सभी के लिए यादगार बन सकें।

# रांची में देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर संचालित देह व्यापार रैकेट के खिलाफ पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए कई थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पांच युवतियों और तीन युवकों समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को जानकारी मिली थी कि राजधानी के लालपुर, चुटिया सहित विभिन्न इलाकों में संगठित तरीके से देह व्यापार का संचालन किया जा रहा है। सूचना के अनुसार रैकेट में दो दर्जन से अधिक युवतियां शामिल थीं, जिन्हें होटलों और किराए के मकानों में रखकर अवैध गतिविधियां कराई जा रही थीं।




सूचना की पुष्टि के बाद एसएसपी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें रैकेट से जुड़े लोगों को हिरासत में लिया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार युवतियों में अधिकांश रांची और कोलकाता की रहने वाली हैं। छापेमारी के दौरान ग्राहकों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में रैकेट संचालित करने वाली महिला सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि महिला सरगना पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से युवतियों को बुलाकर रांची में देह व्यापार का नेटवर्क चला रही थी। पुलिस के अनुसार, आरोपित महिला का पूर्व आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह पहले भी जेल जा चुकी है। फिलहाल सभी गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है तथा रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ऊर्जा निगमों में बोर्ड बैठक नहीं होने पर श्रमिक संघ ने जताई चिंता, जल्द बैठक बुलाने की मांग

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड राज्य के ऊर्जा निगमों में लंबे समय से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, झारखंड ऊर्जा संचारण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड में बोर्ड बैठक नहीं होने के कारण बिजली वितरण, संचरण एवं उत्पादन से जुड़े कई महत्वपूर्ण नीतिगत और वित्तीय प्रस्ताव लंबित पड़े हुए हैं। अजय राय ने बताया कि 23 सितम्बर 2025 के बाद अब तक किसी भी कंपनी की बोर्ड बैठक आयोजित नहीं की गई है, जबकि कंपनी अधिनियम के अनुसार प्रत्येक चार माह में कम से कम एक बैठक आयोजित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही से प्रशासनिक निर्णय प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर बोर्ड बैठक नहीं होने की स्थिति में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा दंडात्मक कार्रवाई एवं जुमार्ना लगाया जा सकता है, जिससे निगम की साख और निर्णयों की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। श्रमिक संघ ने 9 मार्च 2026 को प्रस्तावित बोर्ड बैठक हर हाल में आयोजित करने तथा लंबित मुद्दों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द बैठक नहीं बुलाई गई, तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आगे की रणनीति तय करने को बाध्य होगा।

## फरार दो वारंटी गिरफ्तार

**खूंटी।** जिले के अड़की थाना की पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाकर दोनों आरोपितों को धर दबोचा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। पुलिस की ओर से रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अड़की थाना कांड के आरोपित राबर्ट मुंडा (32)को गिरफ्तार किया गया। वहीं अड़की थाना कांड के आरोपित मनसिद नाग उर्फ एसी मनसिद (35) को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपित 2011 से फरार चल रहे थे। इनके विरुद्ध अड़की थाना से स्थायी वारंट निर्गत था। पुलिस लगातार इनकी तलाश में जुटी थी, लेकिन दोनों लंबे समय से गिरफ्तारी से बचते फिर रहे थे।

## झारखंड की जूनियर पुरुष-महिला हॉकी टीमों के चयन के लिए रांची में आयोजित किए जाएंगे ट्रायल

**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 तथा हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2026 में भागीदारी के लिए झारखंड की सब-जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी टीमों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। खिलाड़ियों के चयन के लिए 15 मार्च (रविवार) को रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। हॉकी झारखंड की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 01 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन रांची में किया जाएगा, जबकि पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप बिहार के राजगीर में आयोजित होगी। इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू की गई है। हॉकी संघ के अनुसार, महिला वर्ग का चयन ट्रायल 15 मार्च को पूर्वाह्न 09:30 बजे से प्रारंभ होगा, जबकि पुरुष वर्ग का ट्रायल पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सके।

# 21 मार्च को मनाया जाएगा प्रकृति महापर्व सरहुल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के बांदू गांव में रविवार को दूसरा शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। डॉ सीताराम मुंडा, राजू पाहन सरोज तोपनो, रेशमा मिंजूर, रोवा भेंगरा व सुष्मिता गुड़िया की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंगबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर बगरय मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो प्रकृति आधारित है. अब सरना धर्म कोड के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जोरदार आंदोलन किया जा रहा है, ताकि हर हालत में सरना धर्म कोड जनगणना परिपत्र में आवंटित हो। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में जनजाति समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मसले को अनदेखा किया जा रहा है जिससे भारत में प्रकृति पूजक को धार्मिक गुलामी और धर्मांतरण के लिए मजबूर हो रहे हैं।



धर्मान्तरण रोकने के लिए भारत सरकार को सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करना चाहिए। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि सरकार ने प्रकृति महापर्व सरहुल के लिए आगामी 21 मार्च, दिन-शनिवार को सरकारी अवकाश घोषित किया है। सरहुल के लिए अपने घरों, पूजा स्थलों एवं गाड़ियों में नया सरना झंडा लगाया जाएगा और उसी दिन अपने-अपने क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ सरहुल मनाया जाएगा और दोपहर को गाजा-बाजा के साथ सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाज में पुराने मन-मुटाव, आपसी भेद-भाव, ईर्ष्या-द्वेष, नाकारात्मक विचारों को त्याग कर नए फूल और पत्तों की तरह समाज में अच्छाई-सच्चाई, सुख, शांति, खुशहाली, दया, क्षमा, प्रेम एवं भाईचारा का संचार करना है। कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, मथुरा कंडीर, मुखिया बिमला डोडराय, बाजु मुंडा, रतिया मुंडा, जयपाल हेंबरोम, जीतु पहान, बिरसा तोपनो, जगदेव मुंडा सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए। इस समारोह में खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की, तोरपा, तपकारा, गुमला तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

## एक नजर

### पांचपरगना सुखद सत्संग केन्द्रीय कमिटी की बैठक संपन्न



**सोनाहातू।** सोनाहातू बाजारटांड स्थित मध्य बिधालय के प्रागण में रविवार को पांचपरगना सुखद सत्संग केन्द्रीय समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष डॉ सोहनलाल महतो ने की। बैठक का संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक परेश राम महतो ने किया। समिति में सोनाहातू के अलावे बुण्डू व तमाड़ क्षेत्र के लोगों ने शामिल हुए। सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि आगामी 20 से 22 मार्च को होने वाले सत्संग कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जाएगा इसके लिए पूरे प्रखंड क्षेत्र को चार जॉन में बांटा गया। पूर्वी क्षेत्र के चार पंचायत हारिन, लांदुपडीह, हेंसाडीह एवं पंडाडीह पंचायत को एक जॉन में रखा गया। जिसमें हिकिम सिंह मुंडा कृष्ण सिंह मुंडा, कुंजबिहारी समेत 13 सदस्यों को प्रभारी बनाया गया है। वहीं सोनाहातु पश्चिमी क्षेत्र में डॉ सोहनलाल महतो राधामोहन सिंह मुंडा परेश महतो खगेश महतो पुरन महली, संजय कार्जी, धन्नजय महतो, हरेश महतो महादेव महतो मधू मंडल दिलेश्वर कोइरी समेत 12 सदस्यों को प्रभारी बनाया गया है। निर्णय लिया गया कि सत्संग कार्यक्रम का समय बहुत ही नजदीक हो गया है इसलिए 2 मार्च से रोज टीम प्रभारी अपने अपने साथियों के साथ क्षेत्र के गाँव महलों में जन सम्पर्क अभियान को रफ्तार रुप देते हुए आमंत्रण पत्र देने एवं कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील किया जाएगा। ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। बैठक में प्रभारी के अलावे बिनोद साहू, अक्षय महतो बिपद भंजन महतो, हिमगिरि प्रमाणिक, महतलाल सिंह मुंडा, समेत कई लोग शामिल थे। ज्ञातव्य है कि 20 से 22 मार्च को पूज्य गुरुदेव राष्ट्रीय संत असंग देव जी महाराज का आगमन सोनाहातु बाजारटांड स्थित झारखंड मेला मैदान में हो रहा है। समिति की ओर से सत्संग कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रुप दिया जा रहा है।

### गलऊ पंचायत के 99 किसानों के बीच ओल बीच का हुआ वितरण



**सोनाहातू।** प्रखंड के गलऊ पंचायत अंतर्गत दिड़सीर गांव में रविवार को पंचायत के 99 किसानों को उद्यान विकास योजना अंतर्गत ओल बीज का वितरण किया गया। मुखिया सावना महली के उपस्थिति में उद्यान मित्र चंचला कुमारी ने ओल बीज का वितरण किया। मौके काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल, पिस्का नगड़ी में उदयन 2026 का ऐतिहासिक, भव्य और अविस्मरणीय आयोजन



पिस्का नगड़ी, रांचीः शिक्षा, संस्कृति और संस्कारों का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते हुए जगत ज्ञान पब्लिक स्कूल, पिस्का नगड़ी का बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव उदयन 2026 अत्यंत धूमधाम, उल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और सुसज्जित भव्य मंच से आलोकित था। प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य मंच तक हर स्थान पर रचनात्मकता और सौंदर्य की झलक दिखाई दे रही थी। चारों ओर विद्यार्थियों की उत्सुकता, अभिभावकों का गर्व और शिक्षकों का समर्पण स्पष्ट झलक रहा था। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रतिभा, परिश्रम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का जीवंत उत्सव बन गया। उदयन अर्थात नई उड़ान–और सचमुच इस समारोह ने विद्यार्थियों को नई ऊँचाइयों की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के गरिमामय स्वागत, माल्यार्पण और पारंपरिक सम्मान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. सिंह (एमबीबीएस, एमडी झ्र मेडिसिन) द्वारा फीता काटकर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया गया। तालियों की गड़गड़ाहट और हर्षध्वनि से पूरा परिसर गूंज उठा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक इंजी. संदीप राज सर ने प्रभावशाली स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों, भावी योजनाओं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उनके प्रेरणादायी शब्दों ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना को प्रबल किया। राष्ट्रगान, विद्यालय ध्वजारोहण एवं स्कूल एंथम के माध्यम से देशभक्ति और अनुशासन का वातावरण निर्मित हुआ। इसके पश्चात संस्थापक स्वर्गीय डॉ. एन. के. मेहता की पावन स्मृति में दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। यह क्षण अत्यंत श्रद्धामय और भावुक था, जब पूरे विद्यालय परिवार ने उनके शिक्षा के प्रति समर्पण और दूरदर्शी नेतृत्व को नमन किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. दिवाकर कुमार, चंदन प्रजापति (अध्यक्ष, झारखंड लेखक संघ) एवं गौरव मोदी (निदेशक, मोदी पब्लिक स्कूल) की गरिमामय उपस्थिति रही। इनके अतिरिक्त कई गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी अतिथियों को शॉल, पौधा और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जो भारतीय संस्कृति और कृतज्ञता का प्रतीक है।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**मांडर।** मांडर में आगामी होली पर्व को लेकर मांडर थाना में शांति समिति की बैठक अंचल सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंचला कुमारी की अध्यक्षता में हुई जिसमे होली शांति पूर्ण माहौल में आपसी प्रेम एवं भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लेते हुए अफवाहों से बचने की बात कही गई, इस अवसर पर रामबालक ठाकुर ने मांडर पंचायत भवन के समीप चल रहे गंजा एवं अन्य मादक ल पदार्थो पर प्रशासन का ध्यान आकृस्ट कराते हुए उस पर रोक लगाने की बात कही मौके पर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, अप प्रमुख अमानत अंसारी, थाना प्रभारी मनोज करमाली, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष मंगा उराव, रहमान अंसारी, शैलवाहण कुमार, अनूप राम, नारु उराव, बंधु उराव, लक्षमण भगत, राजकुमार गुप्ता, आनंद महली, तस्लीम अंसारी, अशोक कुमार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### होली की आहट से नगड़ी का बाजार गुलजार, रंगों और उमंग से सराबोर दिखा क्षेत्र

**पिस्का नगड़ी।** नगड़ी क्षेत्र में होली पर्व को लेकर इन दिनों बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। जैसे-जैसे होली नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे बाजारों की चहल-पहल बढ़ती जा रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है और पूरा बाजार रंग-बिरंगे अबीर-गुलाल से सजा हुआ नजर आ रहा है। मुख्य बाजार की सभी दुकानें आकर्षक ढंग से सजाई गई हैं। कहीं लाल, गुलाबी, पीले और हरे रंगों की ढेरियां सजी हैं तो कहीं बच्चों के लिए अलग-अलग डिजाइन की पिचकारियां और रंगीन गुब्बारे , मास्क टंगे हुए हैं। दुकानदारों ने इस बार नई-नई डिजाइन की पिचकारियां और इको-फ्रेंडली रंग भी मंगवाए हैं।

# बड़कागांव थाना में होली एवं ईद एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक होली एवं ईद रामनवमी को मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता मनोज कुमार एवं संचालन पत्रकार नरेश कुमार ने किया। लोगों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा जिसमें सबसे अधिक होली को ही लेकर बातें हुई। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने लोगों से कहा कि होली को भाईचारगी के साथ मनाए आसपास पड़ोस के लोगों को भी होली में सहयोग करें। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि नशे के कारण लोग आपस में लड़ बैठते हैं इसलिए त्यौहार में कृपया नशे से दूर रहें ताकि आप परिवार के साथ शांतिपूर्वक होली मना सके। सीओ मनोज कुमार ने कहा कि होली में हुड़दंगी करने से बचे मारपीट से दूर रहें। कहीं भी कुछ गड़बड़ी हो तो तुरंत प्रशासन को जानकारी दें ,कानून को हाथ में न ले।शांति समिति बैठक में लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाअधिकारी मनोज कुमार, जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार ,पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, हाजी तबस्सुम, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव शंकर मेहता उर्फ शिबू, टुकेश्वर प्रसाद, विधानसभा सांसद मीडिया प्रभारी उमेश दांगी, भीखन महतो, राजकुमार साहू, , मेवालाल नाग, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## शिवांगना शिव मंदिर रामनवमी मेला परिसर मे आगामी 22 मार्च को हिंदू महासमेलन का होगा आयोजनः आरएसएस

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग । आज सदर प्रखंड के बैहरी सखियां 13 गांव के शिवांगना शिव मंदिर रामनवमी मेला परिसर के प्रांगण मे सर्व सम्मति से बैठक संपन्न हुई जिसमे विभिन्न गांव के गणमानय गण एवम आरएसएस के हजारीबाग ईकाई के मंडल प्रमुख श्री टेकलाल जी एवम स्वयं सेवक संघ के अन्य पदाधीकारीगण एवम अन्य देवतुल्य ग्रामीण शामिल हुए जिसमे इस बैठक में गोपाल शिवांगना के अध्यक्ष रामस्वरूप मिस्त्री की अध्यक्षता मे की गई जिसमे निर्णय लिया गया की शिवांगना शिव मंदिर के प्रांगण मे दिनांक 3 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जायेगा। आगामी 22 मार्च को स्वयं सेवक संघ के द्वारा भव्य हिंदू महासम्मेलन का कार्यक्रम किया जाएगा जिसमे 2 मंडल 13 गांव के ग्रामीण के अलावा अन्य हजारीबाग के गणमान्य लोग शामिल होंगे जिसमे हजारों के संख्या मे सभी हिंदू समाज के लोग शामिल होंगे।

## दारू प्रखंड के पत्रकारों ने होली मिलन समारोह मनाया

उज्जवल दुनिया संवाददाता

दारू। प्रेस क्लब द्वारा होली के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें दारू प्रखंड के समस्त पत्रकार उपस्थित थे। पत्रकार संघ के सभी सदस्यों ने प्रखंड क्षेत्र किं जनता से शांति ओर सौहार्द पूर्वक होली मनाने के आग्रह किया। क्योंकि अभी रमजान का पाक महीना चल रहा है इसके मद्ये नजर ही बिशेष समुदाय के द्वारा जोर जबरजस्ती कर किसी भी तरह का अबीर गुलाल का प्रयोग ना करें जिसमें आपसी सौहार्द बिगड़े। इस दौरान पत्रकार फगुआ गीत पर जमकर थिरकते नजर आये और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली कि बधाई दिया। पत्रकारों ने एक दूसरे के साथ मिलकर पारम्परिक और स्वादिस्ठ ब्यंजन का आनंद उठाया और प्रेस क्लब कि मजबूती पर बिशेष चर्चा किया। दारु प्रेस क्लब के अध्यक्ष बसंत नारायण राणा ने कहा कि होली कि त्योहार एक दूसरे से सभी गिलवे शिकवे भूलकर खुले दिल से प्रेम भाव के साथ मिलने का दिन है। अध्यक्ष ने सभी प्रखंड वासियों को होली कि बधाई देते हुए आपसी भाई चारे के साथ त्योहार मनाने कि बात कही। होली मिलन समारोह मे जयनारायण प्रसाद, देव नारायण प्रसाद, बजरंग सहाय, राजन सिन्हा, सुमन सिन्हा, भैया अखिलेश कुमार, रौशन सिन्हा, महेश साव, पप्पू ठाकुर, सुनील यादव, रंजीत साव, भैया सुमित, बीरेंद्र यादव, राजीव रंजन शर्मा, अनिल यादव, अजय यादव,अनिल यादव,विषेक कुमार सहित कई अन्य पत्रकार शामिल थे।

## एयर एंबुलेंस हादसे ने बुझाई उम्मीदों की किरणः चंदवा के संजय कुमार और पत्नी की दर्दनाक मौत

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। एक हृदयविदारक घटना में चंदवा निवासी संजय कुमार की एयर एंबुलेंस दुर्घटना में मौत हो गई। आग की दुर्घटना में गंभीर रूप से झुलसने के बाद वे पिछले कुछ दिनों से रांची के देवकमल अस्पताल में जीवन और मौत से जंग लड़ रहे थे। बेहतर इलाज की आशा में उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली ले जाया जा रहा था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। यह उम्मीदों भरी यात्रा एक भीषण हादसे में तब्दील हो गई, जिसने पूरे इलाके को शोक के सागर में डुबो दिया। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह रविवार को लातेहार पहुंचे और चंदवा के सरोज नगर स्थित स्व.संजय कुमार के आवास पर जाकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। यहां उन्होंने दिवंगत संजय कुमार की धर्मपत्नी अर्चना और अन्य शोकसंतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।सांसद सिंह ने परिजनों से बात करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक है। उन्होंने कहा कि जब परिवार को संजय के ठीक होने की उम्मीद जगी थी, तभी यह दूसरा झटका लगा, जिसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया। इस दुख की घड़ी में सांसद ने परिजनों को यह भरोसा दिलाया कि वे हर कदम पर उनके साथ खड़े हैं। परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने निजी कोष से 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह राशि इस कठिन समय में परिवार की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगी। सांसद ने राज्य सरकार से भी पुकार लगाई है। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत दुखद और असामान्य घटना है, जिसमें एक ही परिवार ने दो बार बुरी तरह टूटने का दंश झेला है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रभावित आश्रित परिवार को तुरंत प्रभाव से उचित आर्थिक सहायता और हर संभव सरकारी सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि इस विपदा की घड़ी में उन्हें कुछ सहारा मिल सके।

## बडकागांव में यादव होली मिलन समारोह सम्पन्न, साथ ही प्रखंड महिला मोर्चा का हुआ गठन



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बडकागांव। बडकागांव केरेडारी में यादव होली मिलन समारोह का आयोजन झारखण्ड कॉलेज बडकागांव मे संयुक्त रूप से बड़कागांव, केरेडारी यादव समाज के द्वारा कीया गया जिसका अध्यक्ष ता चूरमान गोप संचालन बिनोद यादव ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, नेमन यादव थे मुख्य अतिथि ने समाज को मजबूती कैसे हो इसका विस्तृत सुझाव देते हुवें होली की शुभकामनायें प्रषित किया कार्यक्रम मे मुख्य रूम से प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप, जिलाध्यक्ष पूर्व युवा अध्यक्ष बिनोद यादवा होली मिलन समरोह की अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव जगरनाथ यादव, कोषाध्यक्ष रंजीत यादव मुखिया बासुदेव यादव, महेंद्र यादव, पिंटू यादव, अशेश्वर यादव, नारायण यादव, नरेश यादव, सागर कंचन यादव, अवधेश यादव,बंशी यादव, नवलेश यादव, संजय यादव, बर्जेश यादव, किशुन यादव, बबिता कुमारी, मिना देवी, रीना देवी उपेंद्र यादव पिंटू यादव, बाबूलाल यादव, रामबिलास यादव, राजकुमार यादव अनुज यादव के साथ सैंकड़ो की संख्या मे यदुवंशी परिवार उपस्थित थे.

# झारखंड में होली पर 9500 जवान तैनात, संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ाई गई चौकसी

## रमजान के साथ होली, सांप्रदायिक सौहार्द पर दिया गया जोर

अजय निराला/उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। होली के मौके पर विधि-व्यवस्था ड्यूटी संभालने के लिए इस बार झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप), इंडियन रिजर्व बटालियन (आईआरबी) व गृह रक्षा वाहिनी के 9500 से अधिक जवानों की तैनाती कर दी गई है। इसके अलावा संबंधित जिलों में तैनात वहां के रिजर्व बल को भी होली ड्यूटी पर लगाया गया है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। रमजान का पाक महीना चल रहा है और इसी बीच होली का त्योहार है। आपसी सौहार्द बनी रहे, इसे ध्यान में रखते हुए सभी संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त तैनाती की गई है। होली के मौके पर सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश है, ताकि किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न न हो।पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को जारी निर्देश में कहा है कि जबरन रंग लगाने, अश्लील गाना बजाने के दौरान कई बार दो गुटों में हिंसक झड़प व खून खराब हो जाती है। इससे पहले पुलिस को सावधानी बरतने की जरूरत है।अपने खुफिया तंत्र को सक्रिय करें और सभी थानों में सभी जाति-सांप्रदाय के लोगों को आमंत्रित करें, शांति समिति की बैठक कर उनकी बातों को ध्यान ने सुनें। जहां कहीं भी विधि व्यवस्था संबंधित दिक्कत हो, उसे ससमय दुरुस्त करें।

**हजारीबाग, लोहरदगा, पलामू के कुछ क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश**

पुलिस मुख्यालय ने हजारीबाग, लोहरदगा, पलामू के कुछ क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। पूर्व में होली के मौके पर इन जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की कोशिश हो चुकी है।जबरन रंग लगाने व आपत्तिजनक गाना बजाने से आपसी सौहार्द बिगड़ता रहा है। संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को ऐसे स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए वहां के स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया है। संभावित उपद्रव के कारणों की तलाश कर वहां निरोधात्मक कार्रवाई का भी निर्देश जारी किया गया है।

## सिकरी में दहेज के लिए पत्नी की हत्या, पुलिस ने पति को किया गिरफ्तार भेजा जेल




उज्जवल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के सिकरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत सिकरी के रविदास मोहल्ला में शंकर राम की पत्नी लक्ष्मी देवी उम्र 28 वर्ष का संदिग्ध अवस्था में शव उसके घर में ही पाया गया। मृतिका के मायके वालों द्वारा सिकरी ओपी थाना में आवेदन देकर मृतिका लक्ष्मी की पति शंकर राम पर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। ओपी थाना प्रभारी रामकुमार राम ने मामले में बताया कि मृतिका का पति सिकरी पंचायत निवासी शंकर राम को गिरफ्तार कर के भेजा गया है। आवेदन में बताया गया है कि बीती रात कथित रूप से दहेज की मांग को लेकर बताया गया कि शंकर अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी पर लाठी से हमला कर हत्या कर दिया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजी । पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया गया उसके बाद परिजनों द्वारा शनिवार की रात्रि में ही सिकरी के शमशान घाट में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई। मृतिक का तीन पुत्र है सबसे बड़ा बच्चा 7 वर्ष, दूसरा 5 वर्ष तथा तीसरा मात्र 3 वर्ष का है। मां की निर्मम हत्या से बच्चों के सिर से स्नेह और संरक्षण का साया उठ गया।

# चौपारण की दनुआ घाटी में ट्रेलर गहरी खाई में गिरा, चालक घायल, मौके पर पहुंची पुलिस

उज्जवल दुनिया संवाददाता




अनियंत्रित ट्रेलर गिरा खाई में, चालक घायल

हजारीबाग। जिले के चौपारण थाना क्षेत्र स्थित खतरनाक दनुआ घाटी में रविवार को एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। बताया जाता है कि तेज गति से गुजर रहा ट्रेलर अचानक चालक का नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के बाद घाटी में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेलर के खाई में गिरते ही जोरदार आवाज हुई, जिसे सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों व राहगीरों के सहयोग से राहत-बचाव अभियान शुरू किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक को ट्रेलर के केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के लिए एनएचएआई एंबुलेंस के माध्यम से चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। दनुआ घाटी का यह मार्ग पहले से ही दुर्घटना संभावित माना जाता है। तीखे मोड़, ढलान और तेज रफ्तार अक्सर हादसों की वजह बनते रहे हैं। स्थानीय लोगों ने घाटी क्षेत्र में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम और चेतावनी संकेत बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि घाटी मार्ग से गुजरते समय विशेष सावधानी बरतें और नियंत्रित गति में ही वाहन चलाएं, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## एक नजर

### 85 पेटी अंग्रेजी शराब लदा वाहन जब्त, दो गिरफ्तार

हजारीबाग। जिले के इचाक पुलिस ने रांची-पटना मार्ग पर इचाक मोड़ में वाहन चेकिंग के दौरान अंग्रेजी शराब लदे पिकअप वाहन बीआर -44- जीए-9039 को जब्त किया है। मामले में दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें किशन राम (पिता अयोध्या राम), ग्राम गौसलडीह, थाना सूरजपुरा, जिला रोहतास एवं मोहन कुमार चौहान (पिता हरि चौहान), ग्राम नवादा, थाना मुफस्सिल, जिला बक्सर (बिहार) निवासी शामिल हैं। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप में अंग्रेजी शराब लदी पायी गयी। जिसमें 85 पेटी में 4080 बोतल शराब जब्त की गयी है। अभियुक्तों के पास से दो एंड्राइड मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। इस संबंध में इचाक थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापामारी दल में एसआइ संतोष कुमार एवं इचाक थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### बड़कागांव तेली साहू समाज नहीं मनाएंगी इस वर्ष होली मिलन समारोह

बड़कागांव। बड़कागांव तेली समाज के वरिष्ठ और राष्ट्रीय तेली साहू समाज के जिला संरक्षक स्वर्गीय कलेश्वर साहू की आकस्मिक निधन के कारण इस बार बड़कागांव तेली साहू समाज होली मिलन समारोह नहीं मनाएंगी। कलेश्वर साहू अपने समाज के हित में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। कालेश्वर शाह की मृत्यु से समाज में भारी असर पड़ा है जिसके कारण बड़का गांव तैलिक साहू समाज के लोग निर्णय लिया है कि इस बार 2026 में होली मिलन समारोह का आयोजन स्थगित रखा जाएगा उताशय की जानकारी राष्ट्रीय तेली साहू समाज के प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू ने जानकारी दी। समाजसेवी स्वर्गीय कलेश्वर साहू का देहांत होने से पूरे समाज शोक में डूबा है शोक व्यक्त करने वाले प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निलेश, प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार ,प्रदेश युवा अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, प्रखंड अध्यक्ष जानकी साहू, दिनेश कुमार साहू, पदुम साहू ,जगत नंदन प्रसाद साहू बेचन साहू का जरूर साहू मोहन साहब सुनीता देवी किरण देवी, , वरिष्ठ पत्रकार नरेश साव, उपेंद्र कुमार ,रंजीत कुमार, डूबा साहू, रामविलास साहू ,बैजनाथ साहू शामिल थे।

### प्रेस क्लब केरेडारी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

केरेडारी। प्रेस क्लब केरेडारी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गयो इस समारोह में केरेडारी प्रखण्ड के सभी पत्रकार, स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी समेत बड़ी संख्या लोग शामिल हुए! और होली के गीतों पर देर शाम तक झूमते रहे इस दौरान सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामना दिया !इस अवसर पर प्रेस क्लब केरेडारी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा की होली का ये त्यौहार के आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतिक है मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार,अंचल अधिकारी राम रतन,वर्णवाल प्रमुख सुनीता देवी उप प्रमुख अमेरिका महतो प्रेस क्लब के अध्यक्ष पत्रकार मनोज वर्मा, अशोक बंटी राज,अरुण यादव,मुकेश कुमार,अशोक राणा,अमित कुमार माली,गणेश कुमार,सुरेश कुमार मिश्रा,सुरेश साव,ज्ञान पासवान,रवि सोनी,सुमंत साहा,अवधेस कुमार यादव,इंद्रजीत कुमार गिरी,बरुण पासवान,सनोज महतो रोहित गोस्वामी वरुण पासवान व मुकेश कुमार भाजपा नेता नरेश महतो, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज शाह,सहित दर्जनों लोग शामिल हुऐ.

कोइरी विकास मंच हजारीबाग का हुआ होली मिलन समारोह सम्पन्न

### चानो स्थित मैक्स हॉस्पिटल में बैठक सम्पन्न, एकता और सौहार्द का दिया संदेश

हजारीबाग। कोइरी विकास मंच के होली मिलन समारोह को लेकर रविवार को चानो स्थित मैक्स हॉस्पिटल परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव नारायण प्रसाद ने किया। बैठक में उपस्थित समाज के सदस्यों ने समारोह की रूपरेखा पर अपने- अपने विचार रखे। एक मार्च को कोइरी विकास मंच, हजारीबाग के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने कहा कि समारोह सादगी और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हर्बल गुलाल का उपयोग किया गया तथा पकौड़ी,कचरी, बर्रा और पुआ के साथ आपसी भाईचारे के बीच होली मनाई गई। जिला सचिव नारायण प्रसाद ने कहा कि होली मिलन समारोह समाज की एकजुटता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम बना। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित किया। बैठक में देव कुमार राज, नागेश्वर प्रसाद,संतोष प्रसाद कुशवाहा,दिलचंद प्रसाद,देवदत्त प्रसाद,केदार नारायण,सुनील प्रसाद,रामचंद्र महतो,राजेश कुमार कुशवाहा,भारत कुशवाहा,राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा,सतेंद्र वर्मा,रवि कुमार,बीरेंद्र कुमार,सुधांशु कुमार, महेंद्र कुमार,विजय कुमार,विशाल नीरज,संजय कुमार,बेनी महतो,नरेश प्रसाद,विनीत कुमार,अवधेश प्रसाद, मनोज प्रसाद,रिकी प्रसाद,सहदेव प्रसाद,जगत किशोर कुमार,महावीर महतो,विनय कुमार कुशवाहा,विनोद प्रसाद,नरेश कुमार,इंद्र नारायण कुशवाहा समेत अन्य उपस्थित थे।

### कोइरी विकास मंच हजारीबाग का हुआ होली मिलन समारोह सम्पन्न



हजारीबाग। कोइरी विकास मंच के होली मिलन समारोह को लेकर रविवार को चानो स्थित मैक्स हॉस्पिटल परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव नारायण प्रसाद ने किया। बैठक में उपस्थित समाज के सदस्यों ने समारोह की रूपरेखा पर अपने- अपने विचार रखे। एक मार्च को कोइरी विकास मंच, हजारीबाग के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने कहा कि समारोह सादगी और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हर्बल गुलाल का उपयोग किया गया तथा पकौड़ी,कचरी, बर्रा और पुआ के साथ आपसी भाईचारे के बीच होली मनाई गई। जिला सचिव नारायण प्रसाद ने कहा कि होली मिलन समारोह समाज की एकजुटता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम बना। कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित किया। बैठक में देव कुमार राज, नागेश्वर प्रसाद,संतोष प्रसाद कुशवाहा,दिलचंद प्रसाद,देवदत्त प्रसाद,केदार नारायण,सुनील प्रसाद,रामचंद्र महतो,राजेश कुमार कुशवाहा,भारत कुशवाहा,राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा,सतेंद्र वर्मा,रवि कुमार,बीरेंद्र कुमार,सुधांशु कुमार, महेंद्र कुमार,विजय कुमार,विशाल नीरज,संजय कुमार,बेनी महतो,नरेश प्रसाद,विनीत कुमार,अवधेश प्रसाद, मनोज प्रसाद,रिकी प्रसाद,सहदेव प्रसाद,जगत किशोर कुमार,महावीर महतो,विनय कुमार कुशवाहा,विनोद प्रसाद,नरेश कुमार,इंद्र नारायण कुशवाहा समेत अन्य उपस्थित थे।

# हजारीबाग नगर निगम चुनाव

# हजारीबाग के मेयर बने अरविंद राणा, भारी मतों से दर्ज की शानदार जीतअ;अ सभी विजयी पार्षदों की सूची

ललन कुमार/उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





हजारीबाग। हजारीबाग नगर निगम चुनाव के बहुप्रतीक्षित परिणाम सामने आ गए हैं। मतगणना के रुझान स्पष्ट होते ही शहर की राजनीतिक फिजा में जश्न का माहौल छा गया है। मेयर पद पर हजारीबाग प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार और अधिवक्ता अरविंद राणा ने अपनी शानदार जीत का परचम लहराया है।

**मेयर पद पर एकतरफा मुकाबला**

'छड़ी छाप' चुनाव चिह्न के साथ मैदान में उतरे अरविंद राणा ने शुरूआत से ही अपनी बढ़त बनाए रखी। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सरफराज अहमद को पैंतालीस सौ से अधिक वोटों के भारी अंतर से करारी शिकस्त दी है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत के बाद समर्थकों में भारी उत्साह है और ढोल-नगाड़ों के साथ अबीर-गुलाल उड़ाकर विजय का जश्न मनाया जा रहा है।

**वार्ड पार्षदों के परिणामः कांटे की टक्कर और निर्विरोध जीत**

मेयर पद के साथ-साथ शहर के विभिन्न वार्डों के परिणाम भी घोषित कर दिए गए हैं। कई वार्डों में जहां प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, वहीं दो वार्डों में प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत दर्ज कर अपनी अजेय राजनीतिक पकड़ साबित की है।

**सभी विजयी वार्ड पार्षदों के नाम इस प्रकार हैं:**

वार्ड एकः साजिदा खातून, वार्ड दोः निखत यास्मीन,वार्ड तीनः विजय प्रसाद, वार्ड चारः अनिल प्रसाद, वार्ड पांचः रेखा सिंह, वार्ड छहः रिंकु वर्मा, वार्ड सातः रीता नाथ, वार्ड आठः अनिता गुप्ता, वार्ड नौः बैजनाथ राम, वार्ड दसः पाकीजा खातून,वार्ड एग्यारहः मुरमुई चाकी,
वार्ड बारहः निशा सिन्हा,
वार्ड तेरहः विकास यादव (निर्विरोध निर्वाचित),वार्ड चौदहः प्रभा गुप्ता,
वार्ड पंद्रहः अंशिका प्रिया, वार्ड सोलहः जमील बबलू, वार्ड सत्रहः कुणाल चौरसिया, वार्ड अठारहः रूपाली कुमारी, वार्ड उन्नीसः शीला देवी,वार्ड बीसः पमिता सिन्हा,
वार्ड इक्कीसः टिंकू वसीम खान, वार्ड बाईसः मिताली रश्मि निशांत प्रधान, वार्ड तेईसः दीपक कुमार सिंह, वार्ड चौबीसः क्रांति देवी,
वार्ड पच्चीसः भूलन राम, वार्ड छब्बीसः मोना देवी, वार्ड सत्ताईसः सोनी छेत्री कृष्ण, वार्ड अट्ठाईसः दीपरंजन, वार्ड उनतीसः मीना देवी,
वार्ड तीसः शमा परवीन, वार्ड इकतीसः सुधा कुमारी, वार्ड बत्तीसः मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी उर्फ मंडूल, वार्ड तैंतीसः मुन्नी देवी,
वार्ड चौंतीसः कैलाश साव,
वार्ड पैंतीसः अनामिका पासवान और
वार्ड छ्त्तीसः अविनाश यादव (निर्विरोध निर्वाचित) घोषित किए गए हैं। इधर नगर निगम के इस नए बोर्ड से हजारीबाग की जनता को शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की भारी उम्मीदें हैं। नवनिर्वाचित मेयर और सभी पार्षदों ने जीत के बाद जनता का आभार व्यक्त

## दारू प्रखंड के पत्रकारों ने होली मिलन समारोह मनाया



उज्ज्वल दुनिया संवाददातां

दारू। प्रेस क्लब द्वारा होली के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें दारू प्रखंड के समस्त पत्रकार उपस्थित थे। पत्रकार संघ के सभी सदस्यों ने प्रखंड क्षेत्र किं जनता से शांति ओर सौहार्द पूर्वक होली मनाने के आग्रह किया। क्योंकि अभी रमजान का पाक महीना चल रहा है इसके मद्दे नजर ही बिशेष समुदाय के द्वारा जोर जबरजस्ती कर किसी भी तरह का अबीर गुलाल का प्रयोग ना करें जिसमें आपसी सौहार्द बिगड़े। इस दौरान पत्रकार फगुआ गीत पर जमकर थिरकते नजर आये और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली कि बधाई दिया। पत्रकारों ने एक दूसरे के साथ मिलकर पारम्परिक और स्वादिस्ठ ब्यंजन का आनंद उठाया और प्रेस क्लब कि मजबूती पर बिशेष चर्चा किया। दारु प्रेस क्लब के अध्यक्ष बसंत नारायण राणा ने कहा कि होली कि त्योहार एक दूसरे से सभी गिलवे शिकवे भूलकर खुले दिल से प्रेम भाव के साथ मिलने का दिन है। अध्यक्ष ने सभी प्रखंड वासियों को होली कि बधाई देते हुए आपसी भाई चारे के साथ त्योहार मनाने कि बात कही। होली मिलन समारोह मे जयनारायण प्रसाद, देव नारायण प्रसाद, बजरंग सहाय, राजन सिन्हा, सुमन सिन्हा, भैया अखिलेश कुमार, रौशन सिन्हा, महेश साव, पप्पू ठाकुर, सुनील यादव, रंजीत साव, भैया सुमित, बीरेंद्र यादव, राजीव रंजन शर्मा, अनिल यादव, अजय यादव,अनिल यादव,विषेक कुमार सहित कई अन्य पत्रकार शामिल थे।

## भाजपा का होली मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




बड़कागांव। बडकागांव उरीमारी : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता एवं पुर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव के संचालन में उरीमारी चेक पोस्ट के समीप होली मिलन समारोह सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, हजारीबाग पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप समेत कई नेता एवं पदाधिकारी शामिल होकर कार्यकताओं संग जमकर रंग अबीर गुलाल गुलाल उड़ाकर एवं एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। साथ ही साथ सभी कार्यकताओं को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। वहीं विधायक रोशन लाल चौधरी ने होली एवं आने वाले त्योहारों की बधाई देते हुए कहा कि हम लोग सभी त्योहार गर्व के साथ मिलजुल कर मनाए एवं अपने संस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाते हुए अपने धर्म के प्रति समर्पित रहना है और सारे गिले शिकवे दूर करते हुए अबीर गुलाल लगाएं। मौके पर मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी, पुर्व जिला अध्यक्ष टुनू गोप, सांसद प्रतिनिधि पुनम साहु, जुगनू सिंह, जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पुर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, अनिता देवी, दिनेश करमाली, कार्तिक उरांव, त्रिवेणी महतो, जुगेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, भागीरथ ठाकुर, मनीष पांडे, उदय चौधरी, सुमन गिरि, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, कालीचरण साव, विष्णु गुप्ता, फुलचंद बेदिया, जुगेश बेदिया, तापेश्वर सिंह, किशोर राणा, कृष्णा गुप्ता, मेघन यादव, नितेष वर्मा, कार्तिक मांझी, उमाशंकर मेहता, उमेश कुमार, राजेश प्रजापति, विरण गोप, सुगिया देवी, विनोद गोप, सुदामा रजवार, कुंवर महतो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सवर्ण समाज आज करेगा नवनिर्वाचित महापौर अरविंद राणा को सम्मानित



हजारीबाग। शनिवार 28 फरवरी 26 को सवर्ण समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संयोजक मुकेश सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोमवार 2 मार्च 26 को नवनिर्वाचित मेयर अरविंद राणा को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया, जिसका समय अपराह्न 1 बजे प्रधान कैफेटेरिया में रखा गया है। बैठक में दीपक नाथ सहाय, दीनानाथ चौहाण, सतीश नारायण दास, बलराम शर्मा, सुनील सिंह राठौर, सुबोध कुमार ओझा, संदीप उपाध्याय, अनिल कुमार लाल, अजय कुमार, जिनेश शर्मा आदि गणमान्य लोग बैठक में उपस्थित थे।

## दिगंबर जैन मंदिर बाड़म बाजार में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान में आज



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। रविवार को श्रद्धा, भक्ति और आत्मचिंतन के पावन वातावरण में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का षष्ठम दिवस अत्यंत गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। संपूर्ण मंदिर परिसर ह्लणमो सिद्धाणंह्व के मंगलमय उच्चारण से गुंजायमान रहा। भक्तगण पूजन, पाठ, अर्घ्य एवं आराधना में तल्लीन होकर आत्मशुद्धि की भावना में लीन रहे। रविवार का दिन विशेष रूप से सिद्ध परमात्माओं की महिमा के चिंतन और आत्मकल्याण की भावना को समर्पित रहा। विधान के प्रत्येक मंत्र और प्रत्येक अर्घ्य ने श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया कि जीवन का वास्तविक लक्ष्य आत्मा की निर्मलता और मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होना है।आज श्री जी की पावन शांतिधारा करने का सौभाग्य हरक चंद, संजय, संगीता, मनोज गोधा परिवार के साथ सुनील हर्ष अजमेरा, राजेश पाटोदी, अरुण ललीता बोहरा को प्राप्त हुआ। उन्होंने अत्यंत भक्ति भाव से शांतिधारा कर समाज की सुख-समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति की मंगलकामना की। आज के विधान के मुख्य प्रायोजक हरक चंद, संजय, संगीता एवं मनोज गोधा परिवार व ईषा,सिल्की, टिशू, श्वेता सेठी,किटी विनायका रहे। उनके इस पुण्यमय सहयोग से आयोजन और भी भव्य एवं आध्यात्मिक ऊँचाइयों को स्पर्श करता दिखाई दिया। संध्या में महा आरती के बाद जैन महिला समिति के द्वारा जितने भी विधान में पात्र बने हैं उनका विनती का कार्यक्रम हुआ। राकेश जी टीकमगढ़ की टीम ने बहुत ही सुंदर भजन संध्या प्रस्तुत की, इसमें सभी भक्तगण झूमते भक्ति करते नजर आए। मीडिया हेड विजय जैन लुहाड़िया ने कहा कि ऐसे दिव्य आयोजन से संपूर्ण समाज में धर्म, संयम और सद्भावना की पावन धारा निरंतर प्रवाहित होती रही। जैन महिला समिति के अध्यक्षा प्रेमा टोंग्या व सचिव निर्मला लुहाड़िया ने कहा कि कल सातवें दिन महाअर्घ्य की तैयारी, उत्साह और आध्यातलिक उन्नति। पूर्णता की ओर अग्रसर होगी।

## कुड़मी ने लड़कर लिया झारखंड, अब फिर संघर्ष कर लेगा अधिकार : शीतल

रांची। राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ (प्रभात तारा) मैदान में रविवार को वृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन किया गया। महारैली की अध्यक्षता समिति के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र महतो एवं सखीचंद महतो ने संयुक्त रूप से किया। रैली में राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल हुए। महारैली में वक्ताओं ने कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान देने की लंबित मांगों पर केंद्र एवं राज्य सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि कुड़मी समाज पिछले 75 वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और अब अपने संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए पुनः आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि छह सितंबर 1950 के निर्णय के बाद कुड़मी समाज को जनजातीय अधिकारों से वंचित कर पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया। ओहदार ने कहा कि ब्रिटिश काल की जनगणनाओं में कुड़मियों को जनजातीय श्रेणियों में शामिल किया गया था, लेकिन आजादी के बाद उन्हें इस श्रेणी से बाहर कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्रों में निवास करने के कारण समाज को अधिकारों से दूर रखा गया। पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कुड़मी समाज को शीघ्र एसटी सूची में शामिल करने और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो पूरे झारखंड में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। शिक्षाविद डॉ. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि कुड़मी समाज लंबे समय से संवैधानिक अधिकारों से वंचित है। उन्होंने आगामी जनगणना में जाति के रूप में ह्यकुड़मीह्ल और भाषा के रूप में ह्यकुड़मालीह्ल दर्ज कराने का आह्वान किया। भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी के कारण कुड़मी समाज अब भी पिछड़ेपन का सामना कर रहा है।

## चंद्रगुप्त के विस्थापित प्रभावित्त समिति का होली मिलन समारोह ने सामाजिक एकता का दिया संदेश

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता




केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के ग्राम जोरदाग स्थित बिरसा मुंडा चौक पर चन्द्रगुप्त विस्थापित प्रभावित समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन 1 मार्च को किया गया ! कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और समिति के सदस्य शामिल हुए ! समारोह की शुरूआत केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी और विस्थापित प्रभावित समिति के अध्यक्ष दशरथ साव, सचिव प्रेम रंजन पासवान, कोषाध्यक्ष सुंदर गुप्ता ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर किया ! इस दौरान उपस्थित लोगों ने आपसी भाईचारा, सौहार्द और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया ! प्रमुख सुनीता देवी ने कही कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसमें लोकगीत एवं होली गीतों पर लोगों ने जमकर आनंद उठाया। समिति के पदाधिकारियों ने विस्थापित परिवारों की समस्याओं पर भी चर्चा करते हुए उनके अधिकारों की लड़ाई को संगठित रूप से आगे बढ़ाने की बात कही। अंत में सभी के बीच मिठाई वितरण किया गया और शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण होली मनाने की अपील की गई। समारोह ने क्षेत्र में उत्साह और भाईचारे का माहौल बना दिया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि निरंजन साव चंद्रगुप्त एमडीओ सुशी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के जीएम आरएस यादव समिति के सदस्य कुलदीप साव, अरुण पासवान, कमलेश पासवान, मो आरिफ, मुकेश ठाकुर,श्यामदेव साव, उप मुखिया कालेश्वर महतो, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि अखिलेश पासवान , वार्ड सदस्य प्रतिनिधि काले राम, वार्ड सदस्य कन्हाई माली, वार्ड सदस्य प्रमोद पासवान, वार्ड सदस्य गोवर्धन साव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि टेकनारण महतो, रतन साव धनपति साव भोला गुप्ता मोहम्मद मुमताज, जाबिर हुसैन, रजक मियां, शिव शंकर महतो, मिथुन पासवान विजय, गंजू प्रकाश गंजू,प्रदीप साव अनिल मुंडा चेतलाल महतो

## गोला प्रखंड के चार पंचायतों में सांसद मनीष जायसवाल ने स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया शिलान्यास

### 2.20 करोड़ की लागत से बनेंगे चार नए उप-स्वास्थ्य केंद



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड अंतर्गत चार पंचायतों कुम्हरदगा, सोसो कला, चौकाद और रकुवा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण की आधारशिला शिलापट्ट अनावरण कर रखा। रविवार को 15वें वित्त आयोग के मद से करीब 55 लाख रुपए प्रति केंद्र की लागत से बनने वाले उप-स्वास्थ्य केंद्रों का विधिवत शिलान्यास किया गया। इन केंद्रों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं का बेहतर संचार होगा। इस गरिमामयी शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल के साथ मुख्य रूप से रामगढ़ जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, श्रीमती रीता देवी, दुलमी जिप सदस्य प्रीति दिवान, रामगढ़ सदर जिप सदस्य धनेश्वर महतो और गोला जिप सदस्य जलेश्वर महतो, रेखा सोरेन, सरस्वती देवी, गोला उपप्रमुख विजय ओझा, विधायक प्रतिनिधि जाकिर अख़्तर, कमलेश महतो, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, गोला भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू, रजरप्पा मंडल अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, गोला सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा और बरलंगा सांसद प्रतिनिधि मंशु वेदिया, भाजपा नेता बबलू साव, विकास मणि पाठक, हरीश वर्मन, अशोक कुमार, मुखिया पिंकी देवी व सुनीता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, मनोज कोटवार, गोपाल चौधरी, स्नेहलता चौधरी, सूरज वर्मा, नंद किशोर महतो, ललन कुशवाहा, उत्तम कुशवाहा, अजय कृष्णा शर्मा, प्रदीप महतो, बलदेव नारायण सिंह, सुलेखा देवी, श्रीमती माधुरी देवी, अनीता देवी, सुधीर महतो और राम कुमार नायक सहित अन्य प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। सांसद मनीष जायसवाल ने विश्वास दिलाया कि इन केंद्रों के शुरू होने से ग्रामीणों को अब छोटी बीमारियों के इलाज के लिए शहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। सांसद मनीष जायसवाल ने इसी क्रम में चितरपर प्रखंड के माइल और रामगढ़ प्रखंड के कुंदरु पंचायत में भी स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण का आधारशिला रखा। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे की शुरूआत दुलमी प्रखंड के डेलीपईला धाम में माथा टेककर किया।

# झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को विभावि करेगा लागू: कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा

### पंचायतों की समस्या-समाधान में लगेंगे विभावि के विद्यार्थी: समाज विज्ञान डीन, डॉ रेनू बोस



विभावि के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा



समाज विज्ञान के डीन डॉ रेनू बोस

हजारीबाग। ग्राम पंचायत की समस्या को समझने के लिए तथा उसके समाधान की संभावनाओं को टटोलने के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के स्नातकोत्तर तथा स्नातक के विद्यार्थी दो महीने का समय पंचायतों को देंगे। रविवार को यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने बताया कि इस संबंध में विश्वविद्यालय को झारखंड सरकार से दिशा निर्देश प्राप्त हुई है। इसके तहत झारखंड सरकार के 'झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना' को विश्वविद्यालय द्वारा लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्थानीय समस्याओं के समाधान, नवाचार आधारित परियोजनाओं तथा सामाजिक विकास से जुड़े कार्यों में विद्यार्थी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। समाज विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ रेनू बोस ने बताया कि इस संबंध में पिछले दिनों रांची के नेपाल हाउस सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी जहां इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। डॉ रेनू कुलपति द्वारा मनोनीत विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग ली थी। उन्होंने बताया की रांची से लौटकर वह कुलपति को नई योजना की सारे बिंदुओं से अवगत करा दी है। डॉ रेनू ने आगे बताया कि इसके अंतर्गत विभावि को अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत निश्चित संख्यक पंचायतो का दायित्व लेना होगा। साथ ही प्रत्येक वर्ष निश्चित संख्या में विश्वविद्यालय प्रशिक्षु के रूप में छात्रों का चयन करेगा। हर पंचायत के लिए विद्यार्थियों का एक दल का गठन किया जाएगा एवं हर दल में चार विद्यार्थी होंगे । यह दल दो महीने तक उस पंचायत में ग्रीष्म या सत्रांत अवकाश आदि के अवसर पर लचीले ढंग से कार्य करेगा। सफल विद्यार्थियों को दो माह की क्रेडिट-आधारित सशुल्क इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे। इससे प्रशिक्षुओं को एक तरफ जहां व्यावहारिक अनुभव मिलेंगे वहीं उनके कौशल क्षमता का भी विकास होगा। डॉ रेनू बॉस ने आगे बताया कि इस कार्यक्रम के लिए स्नातकोत्तर विभागों से तथा स्नातक के विद्यार्थियों को अंगीभूत तथा संबद्ध महाविद्यालयों से चयनित किया जाएगा। विश्वविद्यालय स्तर पर एक समन्वयक की नियुक्ति होगी। अप्रैल-मई महीना तक विश्वविद्यालय को पंचायत का तथा विद्यार्थियों का चयन करने की प्रक्रिया को पूर्ण कर लेना होगा। ज्ञात हो कि कार्यक्रम के तहत झारखंड के सभी 4345 पंचायत में अलग-अलग विश्वविद्यालय के कुल 17380 विद्यार्थी कार्य करेंगे

# उपायुक्त ने गांधी शिल्प बाजार का किया निरीक्षण

## कारीगरों से किया संवाद, लोगों से अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों को अपनाने का किया अपील

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** यहां के सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में आयोजित गांधी शिल्प बाजार का निरीक्षण डीसी अजय नाथ झा ने किया। इस अवसर पर मेले का वातावरण उत्साह, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

उपायुक्त ने संचालित बाजार के विभिन्न हैंडक्राफ्ट, हस्तकरघा एवं स्थानीय उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण करते हुए कारीगरों से संवाद किया। उन्होंने स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित सामग्रियों का अवलोकन किया और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि लोकल फॉर वोकल केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान और सम्मान देने का सशक्त माध्यम है।

अपने संबोधन में उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को अपनाएं, जिससे क्षेत्र के कारीगरों को प्रोत्साहन मिले और आत्मनिर्भर भारत की भावना को बल मिले। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी संजोने का कार्य करते हैं। गांधी शिल्प बाजार न केवल खरीदारी का केंद्र है, बल्कि यह स्थानीय कला, संस्कृति और उद्यमशीलता का उत्सव भी है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित बाजार में आकर स्थानीय उत्पादों का समर्थन करें और स्वदेशी को मजबूत बनाएं।

## सुलोचना देवी के आरोपों को जयचांद बाउरी ने बताया निराधार

**बोकारो।** चास स्थित राधा नगर पंचायत निवासी जयचांद बाउरी ने शनिवार को राधा नगर की ही निवासी सुलोचना देवी एवं उनके पति पांडु बाउरी द्वारा लगाए गए पैसों के लेन-देन के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। जयचांद बाउरी ने कहा कि उन पर 3 लाख 20 हजार रुपये लेने का आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। उन्होंने दावा किया कि सुलोचना देवी ने ही उनसे पैसे लिए हैं और अब उल्टे उन पर आरोप लगाकर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर वे बोकारो एसपी कार्यालय में लिखित आवेदन दे चुके हैं और निष्पक्ष जांच की मांग की है। मारपीट के आरोपों को भी उन्होंने गलत बताते हुए कहा कि जिस स्थान पर घटना की बात कही जा रही है, वहां रेलवे फाटक के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा है। यदि प्रशासन फुटेज की जांच कराए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। जयचांद बाउरी ने आरोप लगाया कि कुछ लोग उन्हें आगामी मुखिया चुनाव लड़ने से रोकने के लिए जानबूझकर फंसा रहे हैं।

## वार्ड-32 के पूर्व पार्षद प्रकरण में जांच की मांग तेज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**सभी नवनिर्वाचित पार्षदों से आंदोलन में शामिल होने की अपील**

**सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई की चेतावनी**

**बोकारो।** निगम क्षेत्र के वार्ड-32 के पूर्व पार्षद रामाशंकर सिंह के साथ कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष महावीर सिंह चौधरी ने कड़ी आपत्ति जताई है। शनिवार को चास में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने इस मामले में कानून को अपने हाथ में लिया है और पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक पूर्व जनप्रतिनिधि के साथ कुख्यात अपराधी जैसा व्यवहार किया गया, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। मतदान के दिन कथित गड़बड़ी को लेकर हुई झड़प में चास डीएसपी के घायल होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि घटना की वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के लिए निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इस मुद्दे पर श्वेता सिंह द्वारा बोकारो पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर जताए गए विरोध का भी उन्होंने समर्थन किया। विधायक प्रतिनिधि अजय शर्मा ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि इस मामले में आवाज नहीं उठाएंगे तो आम नागरिक भी पुलिसिया कार्रवाई और षड़यंत्र का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने निगम क्षेत्र के सभी नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों से एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होने की अपील की। प्रेस वार्ता में विधायक प्रतिनिधि संजय लाल महतो, पूर्व मुखिया विनोद घोषाल, लाल मोहम्मद अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, लखन कुमार, सोनू अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा।

## बैंक ऑफ इंडिया बना चैंपियन भारतीय जीवन बीमा निगम उपविजेता

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑगेनाइजेशन (बिस्को) द्वारा आयोजित किए जाने वाले सामाजिक सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संबंधी आयोजनों की कड़ी में दिनांक 28.02.2026 एवं 01.03.22026 को स्थानीय ट्रेनीज हॉस्टल के मैदान में दो दिवसीय बिस्को क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। चार-चार टीमों का दो ग्रुप बनाया गया एवं दोनों ग्रुप में राउंड रोबिन पद्धति से कुल 12 मैच खेले गए तदोपरांत दोनों ग्रुप से सर्वोत्तम एक-एक टीम फाइनल में पहुंची। जिसका फाइनल मैच आज दिनांक 01.03.2026 को खेला गया। इस तरह अंत में फाइनल मुकाबला बैंक आफ इंडिया बनाम भारतीय जीवन बीमा निगम के बीच हुआ। जिसमें बैंक ऑफ इंडिया ने 59 रन से जीत हासिल कर इस बार के बिस्को क्रिकेट टूनार्मेंट की चैंपियन बनी तथा भारतीय जीवन बीमा निगम उपविजेता के रूप में खिताब हासिल किया। टूनार्मेंट में प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब प्रवीण सिंह बैंक ऑफ इंडिया को मिला, बेस्ट बैटर अभिषेक-पंजब नैशनलबैंक, बेस्ट बॉलर मनीष चंचल-बैंक आफ इंडिया रहे, क्षेत्र आरक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए इंडियन बैंक के अजित सोनी को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुना गया। सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम के राकेश कुमार को चुना गया। बेस्ट मैच कमेंट्री के लिए सुबोध रजक एवं मनोज कुमार को भी पुरस्कृत किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन दिनांक 28.02.2026 को पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव एवं बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने किया। कुल 8 टीमों में बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय जीवन बीमा निगम के अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक, केनारा बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक एवं बिस्को फ्रेटेर्निटी की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव ने कहा क्रिकेट टूनार्मेंट का यह आयोजन आपसी समरसता को बढ़ाने एवं उत्तम स्वास्थ्य के प्रति व्यक्ति को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाती है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष नारायण दास ने कहा बिस्को निरंतर ही खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर अपने सभी सदस्यों के बीच एक दूसरे को जोड़ने का काम करती रहती है, साथ ही समाज में भी इस प्रकार के आयोजन के लिए प्रेरणा का काम करती है। बिस्को जहां क्रीड़ा और सांस्कृतिक आयोजनों को करती है वहीं सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहती है। फाइनल मैच के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने सभी टीमों की खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि बिस्को इस खेल के माध्यम से बिस्को के घोष वाक्य 'चिरायुर्वे सख्यम' को बैंक और बीमा कर्मियों के बीच चरितार्थ करते हुए जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती है। टूनार्मेंट सफल करने में मुख्य रूप से महासचिव राघव कुमार सिंह के साथ उप महासचिव रामाशीष सिंह, विभास कुमार झा, राजेश श्रीवास्तव, क्रिड़ा सचिव अवधेश कुमार, सहायक महासचिव अवधेश प्रसाद, राजेश कुमार ओझा, विनोद कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार रजक, सितारे अहमद, रवि रंजन, अरुण कुमार, कृष्ण कांत कुमार, प्रशांत कुमार, प्रदीप झा के साथ अनेकों सदस्य एवं प्रतिभागियों के साथ महिला सदस्य और दर्शक भी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## बसंत की बहार में रजक समाज का मिलन समारोह




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**नववर्ष बसंत उत्सव 2026 में शिक्षा, एकता और जागरूकता का संदेश**

**बोकारो।** रजक विकास समिति के तत्वावधान में रविवार को नववर्ष बसंत उत्सव मिलन समारोह-2026 का भव्य आयोजन सेक्टर-12 स्थित खालसा स्कूल मैदान में किया गया। समारोह में समाज के लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी रही और पूरे वातावरण में उत्साह व उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान शंकर रजक ने की, जबकि संचालन राकेश कुमार ने किया। शुरूआत में सचिव लोहड़ी रजक ने बसंत ऋतु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत को ऋतुओं का राजा कहा जाता है, जो जीवन में नई ऊर्जा, उमंग और सकारात्मक बदलाव का संदेश लेकर आता है। उन्होंने कहा कि जैसे प्रकृति स्वयं को नवसृजन के लिए तैयार करती है, वैसे ही समाज को भी समय के साथ आगे बढ़ने और जागरूक होने की आवश्यकता है। अध्यक्ष ज्ञान शंकर रजक ने सभी को नववर्ष बसंत उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए समाज में शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों की अनिवार्य शिक्षा ही समाज के समग्र विकास की असली कुंजी है। शिक्षा से ही सामाजिक, आर्थिक और नैतिक सशक्तिकरण संभव है। समारोह में सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और समाज के उत्थान को लेकर विचार-विमर्श भी किया गया। मौके पर जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, फिरंगी बैठा, संजय रजक, महेंद्र रजक, जितेंद्र रजक, भोला रजक, बसंत रजक, रामाशीष रजक, सुनील कुमार, बचुचु रजक, जयराम रजक, रंजीत कुमार रजक, बीमल रजक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### झामुमो की आमसभा में युवाओं को जोड़ने पर जोर, दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन

**एग्यारकुंड।** एग्यारकुंड प्रखंड के प्रभात स्टेडियम के समीप स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यालय में रविवार को एक आमसभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहन साव ने की, जबकि मंच संचालन पवन माजी ने किया।सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि निरसा विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत करना और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ना ही इस आमसभा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए लगातार जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।लखी सोरेन ने कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देशों को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है।खासकर कोलियारियों में यूनियन को मजबूत करने और प्रबंधन की कथित हिटलरशाही पर रोक लगाने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झामुमो गरीब, असहाय और वंचितों की आवाज है और पार्टी में शामिल होने वाले सभी कार्यकताओं का स्वागत है। इस दौरान जदयू छोड़कर दर्जनों कार्यकताओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

## बोकारो में बसंत मेला का शुभारम्भ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो।** यहां के सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान, सेक्टर 5 में दो दिवसीय बसंत मेला का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने किया। इस मौके पर महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन, बीएसएल के अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य अधिकारी व कर्मी तथा नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मेला का विधिवत उदघाटन निदेशक प्रभारी ने मेला का झंडा फहराकर तथा गुब्बारे उड़ाकर किया। इस वर्ष मेला में 106 स्टाल लगाए गए हैं जिनमें बीएसएल के विभिन्न विभागों के 37 स्टाल भी शामिल हैं। बीएसएल के स्टाल में इस्पात उत्पादन प्रक्रिया से जुड़े मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं जो लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। इसके अलावा नगर प्रशासन के विभिन्न अनुभाग, बोकारो जेनेरल अस्पताल, सीएसआर, जन संपर्क, माइंस, कोलियरीज, एसआरयू, सीएमओ इत्यादि के स्टाल और रोचक अंदाज में बने विभिन्न प्रकार के सेल्फी पॉइन्ट भी लोगों को आकर्षित कर रही है।

## धर्म सिंधु के अनुसार 2 मार्च को प्रदोषकाल में होलिका दहन श्रेष्ठ आचार्य दिलीप पाण्डेय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बाकारो।** होलिका दहन निर्णय, 2026 संवत 2082 में फाल्गुन शुक्ल 14 (2 मार्च 2026) के दिन प्रदोषकाल में पूर्णिमा तथा सम्पूर्ण रात्रि में भद्रा का प्रभाव रहेगा। दूसरे दिन पूर्णिमा सूर्योदय से पूर्व समाप्त हो रही है, किन्तु पूर्णिमा की व्याप्ति साढ़े तीन प्रहर से अधिक है और प्रतिपदा तिथि वृद्धिगामी है।

शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा के दिन ही किया जाना चाहिए, परन्तु 3 मार्च को प्रस्तावित चन्द्र ग्रहण होने तथा ग्रहणकाल से पूर्व ही पूर्णिमा समाप्त हो जाने के कारण ऐसी स्थिति में धर्मसिंधु के अनुसार होलिका दहन पूर्व दिवस में करना शास्त्रसम्मत माना गया है।

आचार्य दिलीप पाण्डेय ने कहा कि धर्मसिंधु के अनुसार यदि दूसरे दिन प्रदोषकाल में पूर्णिमा न हो अथवा ग्रहण का योग हो, तो पूर्व दिन ही होलिका दहन करना चाहिए। अतः साढ़े तीन प्रहर से अधिक पूर्णिमा तथा प्रतिपदा वृद्धिगामी होने पर भी ग्रहण विचार के अनुसार 2 मार्च 2026 को प्रदोषकाल में होलिका दहन करना शास्त्रसम्मत होगा।

आचार्य दिलीप पाण्डेय ने बताया कि इस दिन भद्रा सायं 05:46 बजे से मध्यरात्रि के बाद रात्रि शेष 02:26 बजे (3 मार्च प्रातः 04:26 बजे तक) रहेगी। शास्त्रों में लिखा है कि यदि भद्रा निशीथकाल (मध्य रात्रि) तक रहे तो भद्रा के मुख को त्यागकर होलिका दहन करना चाहिए। इस वर्ष प्रदोषकाल में भद्रा का मुख नहीं रहेगा, अतः प्रदोष बेला (सूर्यास्त से लगभग 2 घंटे 24 मिनट तक) में ही होलिका दहन करना शुभ एवं शास्त्रोक्त रहेगा।

यह ग्रहण भारत में चन्द्रोदय से पूर्व प्रारम्भ होगा, अतः सम्पूर्ण भारत में प्रस्तोदित ग्रहण ही दृश्य होगा। चन्द्र ग्रहण का सूतक 9 घंटे पूर्व होता है, किन्तु प्रस्तोदित चन्द्र ग्रहण में सूतक चन्द्रोदय से पूर्व मान्य नहीं रहेगा। यह ग्रहण पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र एवं सिंह राशि मण्डल में मान्य है, अतः इस राशि एवं नक्षत्र वाले व्यक्तियों को ग्रहण दर्शन से बचना चाहिए तथा अपने इष्टदेव का जप, ध्यान, पाठ एवं धार्मिक ग्रन्थों का अध्ययन करना चाहिए। सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि शास्त्रसम्मत नियमों का पालन करते हुए धर्मकर्म, जप, दान एवं स्नान का पुण्य प्राप्त करें।

**खग्रास/प्रस्तोदित चन्द्र ग्रहण, 3 मार्च 2026**

संवत 2082 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15, मंगलवार 3 मार्च 2026 को चन्द्र ग्रहण होगा। भारतीय समयानुसार चन्द्रमा का प्रवेश, स्पर्श, मध्य तथा मोक्ष का समय इस प्रकार रहेगा।

- ग्रहण प्रवेश : दोपहर 2:48 बजे
- स्पर्श : 3:30 बजे
- सम्मिलन : 4:34 बजे
- मध्य : सायं 5:08 बजे
- उन्मीलन : सायं 5:33 बजे
- मोक्ष : सायं 6:47 बजे

**राशियों पर ग्रहण का प्रभाव**

- मेष : चिन्ता, मानसिक विकार
- वृषभ : अपवाद, कष्टदायक
- मिथुन : सुयोग, लाभकारी
- कर्क : अपव्यय, व्यर्थ खर्च
- सिंह : शरीर कष्ट, पीड़ा
- कन्या : आर्थिक चिन्ता
- तुला : सुखद लाभ
- वृश्चिक : शुभ फल, सुविधा
- धनु : मान-सम्मान में कमी
- मकर : पीड़ा, कष्ट
- कुम्भ : मानसिक विकार
- मीन : सुखद, फलदायक

## एक नजर

### चंदन स्टूडियो द्वारा राजेंद्र सरोवर पार्क में धूमधाम से मनाया गया दोल उत्सव



**धनबाद।** रविवार को राजेंद्र सरोवर पार्क, बेकार बांध में चंदन स्टूडियो द्वारा अष्टम वर्ष दोल उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंगाली समुदाय की पारंपरिक दोल उत्सव संस्कृति को सांस्कृतिक स्वरूप में प्रस्तुत करना था। दोल उत्सव की परंपरा की प्रेरणा विश्वभारती विश्वविद्यालय से जुड़ी है, जहां रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित संस्थान में वर्ष 1920 से इसे सांस्कृतिक-शैक्षिक वातावरण में संगीत, नृत्य, कविता और रंगों के साथ वसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चंदन स्टूडियो पिछले आठ वर्षों से झारखंड धनबाद में इस आयोजन का संचालन कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड 25 के पार्षद प्रिया रंजन, डॉ. शर्मिला बनर्जी, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य, बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष कंचन दे, झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की रीना मंडल, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल के निदेशक आशीष मंडल , साहित्यकार तपन राय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत बच्चों ने फूल एवं हर्बल गुलाल से किया। कार्यक्रम की शुरूआत ग्रूमिंग क्लब द्वारा रवींद्र संगीत ओरे गृहोबासी पर पार्क परिक्रमा नृत्य से हुई। इसके बाद विभिन्न नृत्य विद्यालयों की छात्राओं ने वसंत पर आधारित रवींद्र नृत्य प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में धनबाद के प्रतिष्ठित नृत्य विद्यालय, सांस्कृतिक शिक्षण केंद्र-सरायढेला, गुरु सूर नृत्य संगम, सास्वती सेन डांस अकैडमी- झरिया, साधना डांस अकैडमी हीरापुर, नृत्य मलिका, नूपुर डांस एकेडमी जामाडोबा, साधना डांस एवं जुंबा स्टूडियो कार्मिक नगर, कविता आचार्य डांस ग्रुप, पैशेनेट कलाकार जे.सी. मलिक रोड, ग्रूमिंग क्लब हीरापुर,लोकनाथ कला केंद्र गांधी रोड, नच बलिए, नूपुर डांस एकेडमी मनाइटांड, कें बच्चों ने भाग लिया। उत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 500 महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान महिलाएं और बच्चे पीले वस्त्र एवं पलाश पुष्पों के श्रृंगार में हर्बल गुलाल की होली खेलते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों, बच्चों और अभिभावकों के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिल्पी घोष और संचिता मजूमदार ने किया। समापन पर कुशन सेनगुप्ता के रवींद्र संगीत रांगिए दिए जाओ पर सभी टीमों ने सामूहिक नृत्य कर उत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर आरती साव, संगीता, काकूली, संजय सेनगुप्ता, दीपा, संतोष सील, गौरव मोदक, झरना, नूपुर, उर्मिला, अनन्या, संपास मेकओवर से संपा,गुफ्ती फैशन से इशिका, तत्यम से अभिजीत, आइ बॉक्स सर्विसेज से विमलेश, व चंदन स्टूडियो के प्रोडक्शन टीम में राजकुमार, नील, अमित, हेमंत, मनोज कार्यक्रम का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### डीवीसी को ऊंचाइयों तक ले जाने में डीवीसी के पूर्व कर्मियों की भूमिका अहम: आर के अनुभवी




**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में पदस्थापित पांच डीवीसी कर्मियों के सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान राम कुमार अनुभवी ने कहा कि डीवीसी को ऊंचाइयों तक ले जाने में डीवीसी के पूर्व कर्मियों की भूमिका अहम है। उनके कठिन परिश्रम से ही डीवीसी आज उन्नति की ओर अग्रसर है। श्री अनुभवी ने कहा कि कठिन कार्य करने और कड़ा आदेश का अनुपालन करने से भी अच्छा रास्ता बनता है। हम सभी को एकजुट होकर डीवीसी के कार्यों को सफल बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। श्री अनुभवी ने रिटायर कर्मियों विजय कुमार पांडेय , नरेंद्र कुमार सिंह, बैजून मांझी , आनंद प्रमाणिक और भीमसेन गोराई के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि वह स्वस्थ रहकर अब अपने परिवार और समाज की सेवा करें। मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डीसी पांडेय ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का कर्म को ही याद किया जाता है। इसलिए हम सभी को हमेशा अच्छा कर्म करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान काम से होती है और किसी भी संस्थान के उत्थान के लिए अच्छा कर्म किया जाना उचित होता है। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह का संचालन अनिमेष गिरी ने किया। उप महाप्रबंधक (वित्त) ललन प्रसाद गुप्ता, कंचन स्मिता टोप्पो, सत्येन्द्र कुमार,पायल वोहरा, सुधांशु रंजन, उमेश शर्मा, राजीव रंजन सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह अक्षय कुमार आदि उपस्थित थे। सेवानिवृत कर्मी विजय कुमार पांडेय और नरेंद्र कुमार सिंह को ई एमपीसी विभाग द्वारा भी समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजीव तिवारी , सुबोध कुमार पासवान, अक्षय कुमार अशोक झा, शत्रुघ्न कुमार आदि उपस्थित थे।

### चास कॉलेज में पीजी की मांग विधानसभा में उठी, छात्र नेताओं ने विधायक का जताया आभार

**बोकारो।** रविवार को चंदनकियारी के लोकप्रिय विधायक से उनके आवास पर छात्रों एवं स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर चास कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को विधानसभा में उठाने के लिए आभार व्यक्त किया। छात्र नेता युगदेव माहथा ने कहा कि विधायक द्वारा इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक मांग को झारखंड विधानसभा के पटल पर मजबूती से रखने से क्षेत्र के छात्रों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि यदि चास कॉलेज में पीजी की पढ़ाई शुरू होती है तो चास-चंदनकियारी समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि स्थानीय स्तर पर स्नातकोत्तर की सुविधा उपलब्ध होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा और क्षेत्र में शैक्षणिक माहौल मजबूत होगा। मुलाकात के दौरान मंजेश महथा, संदीप रजवार, शंभू पांडेय, प्रकाश कुमार सहित कई छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस दिशा में ठोस पहल होगी और चास कॉलेज उच्च शिक्षा का सशक्त केंद्र बनेगा।

### वार्ड नंबर 32 से रश्मि राज उर्फ सैंकी के समर्थकों ने निकाला विजय जुलुस

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 32 से रश्मि राज उर्फ सैंकी राज ने 281 मतों के अंतर से शानदार जीत हासिल करने की खुशी में रविवार को वार्ड नंबर 32 के विभिन्न क्षेत्रों में समर्थक ने विजय जुलूस निकाला । इस दौरान निर्वाचित पार्षद सैंकी राज ने लोगों को प्यार, सहयोग एवं समर्थन के लिए नमन कर आशीर्वाद लिया।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभावि में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

## कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

उज्जवल दुनिया संवाददाता


द्वीप प्रज्वलित कर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते विभावि के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा


मॉडल का अवलोकन करते कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा

हजारीबाग। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के तत्वावधान में डॉ जेसी बोस विज्ञान भवन में एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने किया। कुलपति ने घूम-घूम पर सभी मॉडल को देखा तथा मॉडल को तैयार करने वाले विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त की। मॉडल मैं गुणात्मक सुधार के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी भी कुलपति ने विद्यार्थियों को दिया। ज्ञात हो कि नोबल पुरस्कार विजेता प्रो सीवि रमन की स्मृति में इस दिन आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इस बार का थीम था ₹ विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत को गति देने वाली शक्ति।₹ इसी तथ्य को समाहित करते हुए विभावि के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अवसर पर छात्राओं की बढ़-कर कर भागीदारी देखने को मिली। नवाचार और रचनात्मक प्रस्तुति व प्रदर्शनी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। निर्णायक की भूमिका में रहे आईसीएआर गोरियकर्मा के अकादमिक डायरेक्टर डॉ विशाल नाथ, वनस्पति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष डॉ पीके मिश्रा, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ इन्द्रजीत कुमार तथा भूगर्भ विभाग के अध्यक्ष डॉ एच एन? सिन्हा। जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता ने बताया कि कुल पंद्रह माडल का प्रदर्शन किया गया। एआई आधारित तनाव प्रबन्धन माडल को काफी सराहा गया। 28 फरवरी दुर्लभं रोग दिवस भी था। उस पर आधारित मद्रास मोटर बिमारी माडल तथा बायो प्लास्टिक आधारित माडल को लोगों ने पसंद किया। स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग, यूसेट, शिक्षाशास्त्र विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग और? अन्नदा महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के लगभग 40 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। अभिषेक और? अनुपम द्वारा प्रस्तुत मॉडल को प्रथम, अन्नदा महाविद्यालय के बायो प्लास्टिक मॉडल को द्वितीय और नीति एवं दल द्वारा निर्मित मद्रास मोटर डीसीज को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सतीश तथा सुप्रिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रदर्शनी में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा, शिक्षक डा बी के गुप्ता, डा मनोज कुमार, डा राजेन्द्र मिस्त्री, वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार, कपिल, मोहसिन, संजू भारती, दिलीप, जय प्रकाश, सुरेश, आलम, अमरेन्द्र आदि कि भूमिका सराहनीय रही। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया गया। डा मनोज द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। राष्ट्र गान के उपरांत कार्यक्रम की समाप्ती हूई।

## चंदन स्टूडियो द्वारा राजेंद्र सरोवर पार्क में धूमधाम से मनाया गया दोल उत्सव

उज्जवल दुनिया संवाददाता



धनबादः रविवार को राजेंद्र सरोवर पार्क, बेकार बांध में चंदन स्टूडियो द्वारा अष्टम वर्ष ह्लदोल उत्सवह्व का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बंगाली समुदाय की पारंपरिक दोल उत्सव संस्कृति को सांस्कृतिक स्वरूप में प्रस्तुत करना था। दोल उत्सव की परंपरा की प्रेरणा विश्वभारती विश्वविद्यालय से जुड़ी है, जहां रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित संस्थान में वर्ष 1920 से इसे सांस्कृतिक-शैक्षिक वातावरण में संगीत, नृत्य, कविता और रंगों के साथ वसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए चंदन स्टूडियो पिछले आठ वर्षों से झारखंड धनबाद में इस आयोजन का संचालन कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड 25 के पार्षद प्रिया रंजन, डॉ. शर्मिला बनर्जी, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य, बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष कंचन दे, झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की रीना मंडल, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल के निदेशक आशीष मंडल , साहित्यकार तपन राय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत बच्चों ने फूल एवं हर्बल गुलाल से किया। कार्यक्रम की शुरूआत ग्रूमिंग क्लब द्वारा रवींद्र संगीत 'ओरे गृहोबासी' पर पार्क परिक्रमा नृत्य से हुई। इसके बाद विभिन्न नृत्य विद्यालयों की छात्राओं ने वसंत पर आधारित रवींद्र नृत्य प्रस्तुत किए।इस कार्यक्रम में धनबाद के प्रतिष्ठित नृत्य विद्यालय , सांस्कृतिक शिक्षण केंद्र-सरायढेला , गुरु सूर नृत्य संगम ,सास्वती सेन डांस अकैडमी- झरिया, साधना डांस अकैडमी हीरापुर, नृत्य मलिका, नूपुर डांस एकेडमी जामाडोबा,साधना डांस एवं जुंबा स्टूडियो कार्मिक नगर, कविता आचार्य डांस ग्रुप, पैशेनेट कलाकार जे.सी. मलिक रोड , ग्रूमिंग क्लब हीरापुर,लोकनाथ कला केंद्र गांधी रोड, नच बलिए ,नूपुर डांस एकेडमी मनाइटांड, कें बच्चों ने भाग लिया । उत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 500 महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान महिलाएं और बच्चे पीले वस्त्र एवं पलाश पुष्पों के श्रृंगार में हर्बल गुलाल की होली खेलते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों, बच्चों और अभिभावकों के लिए लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिल्पी घोष और संचिता मजूमदार ने किया। समापन पर कुशन सेनगुप्ता के रवींद्र संगीत ह्लरांगिए दिए जाओह्व पर सभी टीमों ने सामूहिक नृत्य कर उत्सव को यादगार बना दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर आरती साव, संगीता, काकूली, संजय सेनगुप्ता, दीपा, संतोष सील, गौरव मोदक, झरना, नूपुर, उर्मिला,अनन्या , संपास मेकओवर से संपा,गुफ्ती फैशन से इशिका, तत्यम से अभिजीत ,आइ बॉक्स सर्विसेज से विमलेश, व चंदन स्टूडियो के प्रोडक्शन टीम में राजकुमार, नील ,अमित , हेमंत, मनोज कार्यक्रम का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खूंटी के एमवीआइ पर मारपीट का आरोप, कई चालक पहुंचे थाना

खूंटी। हजारीबाग जिले के बरही निवासी रमेश यादव नामक ट्रक चालक ने खूंटी के मोटर वाहन निरीक्षक(एमवीआइ ) मोहम्मद शाहनवाज पर गाली गलौज और मारपीट करने और मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए खूंटी थाने में आवेदन दिया है। इस घटना के संबंध में रमेश यादव ने रविवार को खूंटी थाने में बताया कि वह जिंदल कंपनी रायगढ़ से माल लेकर शनिवार को रांची जा रहा था। रांची में नो एंट्री हो जाने के कारण वह कालामाटी स्थित भारत पेट्रोल पंप के निकट अपना ट्रक लगाकर ट्रक में सो गया। रात लगभग 11:30 बजे एमवीआइ मोहम्मद शहनवाज वहां पहुंचे और ट्रक का दरवाजा खोलकर गाली गलौज करते हुए गाड़ी के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस आदि की मांग करने लगे। जब चालक ने सभी कागजात दे दिए, तब शहनवाज ने कहा कि ट्रक ओवरलोड है। यह कह कर मारपीट करने लगे और जबरन ट्रक को दतिया रोड में ले जाकर खड़ा करवा दिया और कहा कि जो मैनेज करना है वह ऑफिस में आकर करो। रविवार सुबह चालक ने अपने परिवार को किसी दूसरे के फोन से सूचना दी। साथ ही छत्तीसगढ़ के कई चालकों को भी घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही रविवार को कई ट्रक चालक वर्दी में खूंटी थाना पहुंचे और एमवीआइ के खिलाफ आवेदन देखकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में पूछे जाने पर एमवीआइ मोहम्मद शाहनवाज ने कहा कि मारपीट की बात बे बुनियाद है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के चालकों ने अपना एक संगठन बना रखा है और उसी के बल पर अवैध कम करते हैं। संगठन के बल पर धौंस जमाते हैं। उन्होंने कहा कि मारपीट या गाली गलौज की बात आधारहीन है। उन्होंने कहा कि ट्रक चालक ने ही उनके और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। ट्रक में जो कमी पाई गई, उसके आधार पर चालान काटा गया है।

## सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर दारू प्रखंड में सेवा का सराहनीय प्रयास : छह बहनों को विवाह पूर्व लहंगा भेंट



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड में जनसेवा और सामाजिक संवेदनशीलता का एक प्रेरक दृश्य देखने को मिला। सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर उनके सुपुत्र करण जायसवाल ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर विवाह के पूर्व छह बहनों को अपने हाथों से उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर करण जायसवाल ने कहा कि बेटियां किसी भी समाज की असली शक्ति होती हैं। उनकी खुशियों में सहभागी बनना और जरूरत के समय उनके साथ खड़ा रहना ही हमारे संस्कार और कर्तव्य का परिचायक है। यदि हमारी छोटी-सी पहल से किसी परिवार के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो यही हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उनकी इस पहल से दारू प्रखंड में सकारात्मक संदेश गया है। आम जनता के बीच करण जायसवाल की छवि एक संवेदनशील, सक्रिय और जमीनी कार्यकर्ता के रूप में और सुदृढ़ हुई है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से राजनीति में सेवा और समर्पण की भावना मजबूत होती है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि सांसद मनीष जायसवाल के साथ उनके सुपुत्र करण जायसवाल भी निरंतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं और समाज के कमजोर वर्गों के लिए आगे आकर सहयोग करते हैं। बेटियों के सम्मान में उठाया गया यह कदम सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों का प्रतीक बनकर सामने आया है। कार्यक्रम के दौरान जिला सांसद प्रतिनिधि जीवन मेहता, सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, दारू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, विकास यादव, अजीत यादव, विनोद राणा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।परिवारजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नागरिक अधिकार मंच बड़कागांव के द्वारा प्रेस वार्ता में सीएसआर फंड का दुरुपयोग करने की बात कही

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बड़कागांव। बडकागांव पश्चिमी पंचायत भवन के प्रांगण में नागरिक अधिकार मंच बड़कागांव के द्वारा प्रेस वार्ता किया गया जिसमें प्रेस वार्ता करते हुए लखेन्द्र ठाकुर ने कहा की बादाम कोल खनन परियोजना द्वारा सीएसआर फंड के तहत संसद सामूहिक विवाह के लिए जो 15 लाख चंदा दिया गया इसकी सूचना आरटीआई के माध्यम से हमलोगों को मिली जब बादाम खनन परियोजना में खनन कार्य शुरू नहीं हुआ तो फिर यह सीएसआर फंड कहां से आया। वही सीएसआर फंड का खर्च प्रथामिकता के आधार पर प्रभावित क्षेत्र बड़कागांव केरेडारी में किया जाना चाहिए सीएसआर फंड का खर्च दुसरे क्षेत्रों में किया जा रहा है इसके जिम्मेवार हमारे जनप्रतिनिधि है, बड़कागांव में ट्रांसपोटिंग से लगभग 100 सैकड़ों लोग की जानें गईं जबकि कंपनी अलग सड़क बनाकर कोयला प्रेषण को कार्य करना चाहिए था पर ऐसा नहीं बड़कागांव में एक बड़ा अस्पताल नहीं है जिससे हाल ही में ईलाज के अभाव में असमय लोग मर रहे हैं इसकी पहल जनप्रतिनिधि नहीं करते वहीं बड़कागांव के लोग धूल गर्दा से परेशान हैं और कंपनी इस पर नियंत्रण नहीं करती तो लोग सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। डॉ मिथलेश दांगी ने कंपनी से सवाल किया कि बादाम खनन परियोजना जब शुरू ही नहीं हुआ तो सांसद सामुहिक विवाह के लिए 15 लाख का चंदा किस आधार पर दिया गया या डीएम एफ टी फंड से दिया गया एनटीपीसी कंपनी बताए, कंपनी एक्ट के धारा -135 के तहत कंपनी के पिछले तीन वित्तीय वर्ष के लाभांश का 2% सीएसआर मद में खर्च करने का प्रवाधान है उसमें भी किसी एनजीओ या ट्रस्ट के माध्यम से तो किस माध्यम से विवाह के लिए चंदा दिया गया। वहीं बड़कागांव में डीएमएफटी के तहत 2023 में जो पेयजल आपूर्ति योजना के तहत पोटंगा, नयाटांड़, उरुब में एंव बड़कागांव में पुस्तकालय भवन का उन्नयन का कार्य किया गया है वो धरातल पर नहीं दिखता वहीं डीएमएफटी मद से प्रभावित क्षेत्र में कार्य प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए ना कि यहां से 50 किलोमीटर दूर बरही में। वहीं अधिवक्ता अनिरुद्ध दांगी ने कहा कि देश संविधान से चलता है पर बड़कागांव में एनटीपीसी व त्रिवेणी सैनिक कंपनी संविधान से नहीं चलता इसका कोल ब्लॉक का आंवटन इस शर्त पर मिला था कि कि बड़कागांव के लाइफ लाइन कहें जाने वाली नदी दोमुहान,खोरहा,व पकवा नाला के बहाव के मूल स्वरूप में बदलाव नहीं करेंगे लेकिन इस नाला में अवैध रूप से खनन कर दिया गया यह बातें गठित विशेष जांच में पता चला जिसमें लगभग 100 एकड़ में अवैध खनन किया गया इसका ट्रांसपोटिंग का चालान किसने दिया यह कोयला कहां गया इसपर कोई कारवाई नहीं हुआ इसमें सरकार और कंपनी संदिग्ध है, वहीं एनटीपीसी की एमडीओ त्रिवेणी सैनिक कंपनी मजदूरों को सेंट्रल वेजेस के हिसाब से 23000 महीना देना था लेकिन 10000-12000 हजार में धुल गर्दा में काम करवा रही है। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सर्वे के अनुसार बड़कागांव में 1100 सौ टीबी के मरीज हैं लेकिन एनटीपीसी या त्रिवेणी सैनिक कंपनी द्वारा स्वास्थ्य जांच व ईलाज के लिए कोई अस्पताल नहीं बनाया ।कोल वाहनों से जान जाने वाले लोगों के आश्रितों को जनप्रतिनिधि 600000या 700000 लाख मुआवजा तय करते हैं और ना कोई केस दर्ज होता है ना पोस्टमार्टम करवाते हैं जबकि मोटर व्हीकल क्लेम एक्ट के तहत 25 से अधिक लाख मुआवजा का प्रवाधान है इस तरह जनप्रतिनिधि कंपनी को मुनाफा पहुंचाने में लगे हैं वहीं कोयला ढुलाई के लिए अलग कारिडोर नहीं है वहीं झारखंड में एजी कार्यलय में मुल्याकंन नही होता इसकी पुख्ता जानकारी नहीं रहती एनटीपीसी को कैप्टिव कोल ब्लॉक आवंटन किया गया लेकिन आज देश के विभिन्न संस्थानों में कोयला भेजा रहा है और नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही है ।साथ एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना से बड़कागांव मौजा थाना नंबर 57 को अधिग्रहण क्षेत्र से मुक्त करने और अपने नक्शे से हटाने की बात पर जोर देते हुए कहा कि 2008-09 में सीबीए के तहत भूमि अधिग्रहण के लिए सेक्शन -9 के लिए अधिसूचना जारी की गई जबकि 48 महीने तक भौतिक कब्जा लेना है लेकिन कंपनी अभी तक कोई कार्य नहीं इसके लिए एकजुट होकर आंदोलन करने की बात कही वहीं सिविल सोसायटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि बड़कागांव में बायपास सड़क ,नो एंट्री का सख्ती से पालन ,व सीएसआर फंड से प्रभावित क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का निर्माण कार्य शिक्षा , स्वास्थ्य,बिजली पानी की व्यवस्था, प्रदूषण नियंत्रण सहित अन्य बातें कही वहीं आजादी बचाव आंदोलन कर्णपुरा क्षेत्र के विनर महतो ने कहा कि बादाम खनन परियोजना के तहत सीएसआर मद से शादी के लिए चंदा वहीं दूसरी ओर संसद में किसानों के हित के लिए आवाज में सांसद इसे क्या समझें सांसद के इस नीति से जनता असमंजस में है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोनू इराकी , लखविंदर ठाकुर डॉ मिथिलेश दांगी, मनोज गुप्ता, विकाश कुमार, अनिरुद्ध कुमार, जानिसार आलम व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### बड़कागांव तेली साहू समाज नहीं मनाएंगी इस वर्ष होली मिलन समारोह

बड़कागांव। बड़कागांव तेली समाज के वरिष्ठ और राष्ट्रीय तेली साहू समाज के जिला संरक्षक स्वर्गीय कलेश्वर साहू की आकस्मिक निधन के कारण इस बार बड़कागांव तेली साहू समाज होली मिलन समारोह नहीं मनाएंगी। कलेश्वर साहू अपने समाज के हित में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। कालेश्वर शाह की मृत्यु से समाज में भारी असर पड़ा है जिसके कारण बड़का गांव तैलिक साहू समाज के लोग निर्णय लिया है कि इस बार 2026 में होली मिलन समारोह का आयोजन स्थगित रखा जाएगा उताशय की जानकारी राष्ट्रीय तेली साहू समाज के प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार एवं जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू ने जानकारी दी। समाजसेवी स्वर्गीय कलेश्वर साहू का देहांत होने से पूरे समाज शोक में डूबा है शोक व्यक्त करने वाले प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निलेश, प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार ,प्रदेश युवा अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, प्रखंड अध्यक्ष जानकी साहू, दिनेश कुमार साहू, पदुम साहू ,जगत नंदन प्रसाद साहू बेचन साहू का जरूर साहू मोहन साहब सुनीता देवी किरण देवी, , वरिष्ठ पत्रकार नरेश साव, उपेंद्र कुमार ,रंजीत कुमार, डूबा साहू, रामविलास साहू ,बैजनाथ साहू शामिल थे।

### प्रेस क्लब केरेडारी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

केरेडारी। प्रेस क्लब केरेडारी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गयो इस समारोह में केरेडारी प्रखण्ड के सभी पत्रकार, स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी समेत बड़ी संख्या लोग शामिल हुए! और होली के गीतों पर देर शाम तक झूमते रहे इस दौरान सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामना दिया !इस अवसर पर प्रेस क्लब केरेडारी के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा की होली का ये त्यौहार के आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतिक है मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार,अंचल अधिकारी राम रतन,वर्णवाल प्रमुख सुनीता देवी उप प्रमुख अमेरिका महतो प्रेस क्लब के अध्यक्ष पत्रकार मनोज वर्मा, अशोक बंटी राज,अरुण यादव,मुकेश कुमार,अशोक राणा,अमित कुमार माली,गणेश कुमार,सुरेश कुमार मिश्रा,सुरेश साव,ज्ञान पासवान,रवि सोनी,सुमंत साहा,अवधेस कुमार यादव,इंद्रजीत कुमार गिरी,बरुण पासवान,सनोज महतो रोहित गोस्वामी वरुण पासवान व मुकेश कुमार भाजपा नेता नरेश महतो, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज शाह,सहित दर्जनों लोग शामिल हुऐ

### दारू बाजार में फ्री डेंटल शिविर का आयोजन

दारू। प्रखंड क्षेत्र के दारू बाजार में जे डी डेंटल केयर के द्वारा डेंटल शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डा ईशा सिंह और दारू कि बिटिया डा कृतिका के द्वारा डेंटल शिविर में जांच कर दवा दिया गया बता दें कि डा कृतिका दारू प्रखंड के दारू खरीका निवासी स्व बागी साव कि पौत्री ओर अम्बे हार्डवेयर के मालिक रामकुमार साव कि पुत्री है। रितिका ने डेंटल में बी डी एस किया ओर एक जानी मानी सर्जन है। ओर इन्होने अपने गाँव में शिविर लगाने को सोचा ओर इस शिविर में प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो कि दांतो कि समस्यायो से परेशान थे। वे मुप्त में अपने दांतो का इलाज करवाया ओर मुप्त में दवा पाया। और जिनके दांतो में ज्यादा समस्या था उन्हें अपने क्लिनिक हजारीबाग में बुलाया गया ओर सही बिचार बिमर्श दिया गया। इस तरह शिविर के आयोजन से ग्रामीण जनता काफी खुश नजर आये।

### धर्मसिंधु के अनुसार 2 मार्च को प्रदोषकाल में होलिका दहन श्रेष्ठ- आचार्य दिलीप पाण्डेय

होलिका दहन निर्णय - 2026 संवत 2082 में फाल्गुन शुक्ल 14 (2 मार्च 2026) के दिन प्रदोषकाल में पूर्णिमा तथा सम्पूर्ण रात्रि में भद्रा का प्रभाव रहेगा। दूसरे दिन पूर्णिमा सूर्योदय से पूर्व समाप्त हो रही है, किन्तु पूर्णिमा की व्याप्ति साढ़े तीन प्रहर से अधिक है और प्रतिपदा तिथि वृद्धिगामी है। शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा के दिन ही किया जाना चाहिए, परन्तु 3 मार्च को प्रस्तावित चन्द्र ग्रहण होने तथा ग्रहणकाल से पूर्व ही पूर्णिमा समाप्त हो जाने के कारण ऐसी स्थिति में धर्मसिंधु के अनुसार होलिका दहन पूर्व दिवस में करना शास्त्रसम्मत माना गया है। आचार्य दिलीप पाण्डेय ने कहा कि धर्मसिंधु के अनुसार यदि दूसरे दिन प्रदोषकाल में पूर्णिमा न हो अथवा ग्रहण का योग हो, तो पूर्व दिन ही होलिका दहन करना चाहिए। अतः साढ़े तीन प्रहर से अधिक पूर्णिमा तथा प्रतिपदा वृद्धिगामी होने पर भी ग्रहण विचार के अनुसार 2 मार्च 2026 को प्रदोषकाल में होलिका दहन करना शास्त्रसम्मत होगा। आचार्य दिलीप पाण्डेय ने बताया कि इस दिन भद्रा सायं 05:46 बजे से मध्यरात्रि के बाद रात्रि शेष 02:26 बजे (3 मार्च प्रातः 04:26 बजे तक) रहेगी। शास्त्रों में लिखा है कि यदि भद्रा निशीथकाल (मध्य रात्रि) तक रहे तो भद्रा के मुख को त्यागकर होलिका दहन करना चाहिए। इस वर्ष प्रदोषकाल में भद्रा का मुख नहीं रहेगा, अतः प्रदोष बेला (सूर्यास्त से लगभग 2 घंटे 24 मिनट तक) में ही होलिका दहन करना शुभ एवं शास्त्रोक्त रहेगा।

**खग्रास / प्रस्तोदित चन्द्र ग्रहण – 3 मार्च 2026**

संवत 2082 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15, मंगलवार 3 मार्च 2026 को चन्द्र ग्रहण होगा। भारतीय समयानुसार चन्द्रमा का प्रवेश, स्पर्श, मध्य तथा मोक्ष का समय इस प्रकार रहेगा –

- ग्रहण प्रवेश : दोपहर 2:48 बजे
- स्पर्श : 3:30 बजे
- सम्मिलन : 4:34 बजे
- मध्य : सायं 5:08 बजे
- उन्मीलन : सायं 5:33 बजे
- मोक्ष : सायं 6:47 बजे

यह ग्रहण भारत में चन्द्रोदय से पूर्व प्रारम्भ होगा, अतः सम्पूर्ण भारत में प्रस्तोदित ग्रहण ही दृश्य होगा। चन्द्र ग्रहण का सूतक 9 घंटे पूर्व होता है, किन्तु प्रस्तोदित चन्द्र ग्रहण में सूतक चन्द्रोदय से पूर्व मान्य नहीं रहेगा।

**राशियों पर ग्रहण का प्रभाव**

- मेष : चिन्ता, मानसिक विकार
- वृषभ : अपवाद, कष्टदायक
- मिथुन : सुयोग, लाभकारी
- कर्क : अपव्यय, व्यर्थ खर्च
- सिंह : शरीर कष्ट, पीड़ा
- कन्या : आर्थिक चिन्ता
- तुला : सुखद लाभ
- वृश्चिक : शुभ फल, सुविधा
- धनु : मान-सम्मान में कमी
- मकर : पीड़ा, कष्ट
- कुम्भ : मानसिक विकार
- मीन : सुखद, फलदायक

यह ग्रहण पूवार्फाल्गुनी नक्षत्र एवं सिंह राशि मण्डल में मान्य है, अतः इस राशि एवं नक्षत्र वाले व्यक्तियों को ग्रहण दर्शन से बचना चाहिए तथा अपने इष्टदेव का जप, ध्यान, पाठ एवं धार्मिक ग्रन्थों का अध्ययन करना चाहिए। सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि शास्त्रसम्मत नियमों का पालन करते हुए धर्मकर्म, जप, दान एवं स्नान का पुण्य प्राप्त करें।

### झारखंड में तापमान पहुंचा 36 डिग्री, आनेवाले दिनों में और बढ़ेगा

रांची। राज्य भर में अधिकतम तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसके कारण दिन में लोगों को गर्मी महसूस होने लगी है। हालांकि रांची सहित कई जिलों में अभी भी गर्मी का एहसास नहीं हो रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है। रविवार को सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री और जमशेदपुर में 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं बोकारो में भी तापमान बढ़कर 34.1 डिग्री के स्तर पर पहुंच गया है।

# संपादकीय

## समष्टि चित्त का उल्लास

मनुष्य जीवन का अस्तित्व, पोषण और उत्थान पारस्परिक संबंधों के बीच ही संभव है। यह तथ्य सर्वविदित है किंतु आज के सामाजिक जीवन में अकेले व्यक्ति के अपने अहंकार का अभिमान इतना प्रचंड होता जा रहा है कि वह सबकुछ भूल कर उसके विस्तार के लिए किसी भी तरह की हिंसा का सहारा लेने से नहीं चूकता। वह सिसृक्षा के मूल आशय को भी भूल जाता है। यह विश्वात्मा की एक से अनेक होने- एकोहं बहुस्याम्- की उद्दाम आकांक्षा ही थी जो सृष्टि में सृजन का व्याज बनी। कहते हैं अन्य को रच कर विश्वात्मा ने उस रचना में स्वयं उपस्थित होकर उसे अनन्य बना दिया। आज भी दूसरों के साथ जुड़ाव जीवन के स्पंदन का आधार बना हुआ है। प्रगाढ़ रिश्तों की उदार विशालता से व्यक्ति, समुदाय और देश सकारात्मक रूप से सक्रिय होते हैं और उसके अभाव में बिखर कर टूट जाते हैं। इस सत्य को भारतीय समाज ने बहुत पहले आत्मसात किया था और संगच्छध्वम्- संवधध्वम्- संवो मनांसि जानताम्- का उद्घोष किया था। इस भाव को अपने जीवन में उतारने के लिए वर्षभर अनेक उत्सवों और पर्वों की संकल्पना की गई जिसमें व्यक्ति अपने सीमित स्व से ऊपर उठकर अपने को सबमें और सबको अपने में देखने की चेष्टा करता है। ऐसा करते हुए मनुष्य न केवल समाज बल्कि प्रकृति के साथ भी एकाकार होने की संभावना को तलाशता रहता है। इसी में आनंद मिलता है जो जीवन का प्रयोजन है। होली का उत्सव इसी लौकिक तलाश का मूर्त रूप है। होली वसंत में मनाई जाती है जब पूरी सृष्टि में एक साथ उल्लास के बीज का विस्फोट दिखता है। प्रसिद्धि है कि नया रमणीय होता है इसलिए सबके मन को भाता है। नए के लिए मन में उत्सुकता और उमंग होती है। अज्ञात और अनागत का आकर्षण वसंत के आगमन में चतुर्दिक दिखता है। उत्साह के साथ होली में एक कि स्म का उन्माद का भाव आता है जब हम अपने को भुला कर आनंद का अनुभव करते हैं। प्रकृति में परिवर्तन का संदेश राग और अनुराग के कोमल भावों को जीवित करता है। वह यही कहता है कि सालभर जिन सफलताओं और विफलताओं का मीठा कड़वा अनुभव करते रहे हैं उन सबसे आगे बढ़कर या परे जाकर जीवन क्रम के नाटक का नया अंक शुरू करें। होली का उत्सव पुराने का आतंक भूल नए चित्र कैनवस पर उकेरने की पुकार लगाता है। भारत में ऋतुराज वसंत इस दृष्टि से अनोखा और समृद्ध होता है कि इसके आगमन के साथ ठंड को किनारे कर प्रकृति अपने सौंदर्य की ऊष्मा का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र हो उठती है। वसंत के निजी दूत बने पशु-पक्षी गाकर, तरु, लता, गुल्म, और पादप नव किसलय और पुष्प के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस मस्ती भरी असीम व्यग्रता का डंका बजाते हैं।

## आज का राशिफल

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

वृष :अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

मिथुन : बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कर्क : अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव।

सिंह :दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कन्या :सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख-आनंद कारक समय है। आगे बढ़े के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

तुला : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्या से ही आशाएं बलवती होंगी।

वृश्चिक :व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी।

धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

कुम्भ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी।

मीन : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## दैनिक पंचांग

**2 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.03 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.34 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.14 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.42 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.04 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.19 ब.से |
| **राहुकाल** | | धनु | 01.35 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.40 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.26 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 61 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 17.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 07.52 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 12.19 बजे को समाप्त।
**करण** गर 06.30 बजे, वणिज 17.56 बजे तदनन्तर विष्टि 05.29 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872636
**जूलियन दिन** 2461101.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** फाल्गुन चौमासी चौदस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# होली : रंग, संस्कृति और जीवन दर्शन का उत्सव



उदय कुमार सिंह

भारत विविधताओं, परंपराओं और उत्सवों का देश है। यहां मनाए जाने वाले प्रत्येक पर्व का अपना सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व है। इन्हीं पर्वों में होली का विशेष स्थान है। रंगों, उमंगों और प्रेम का संदेश देने वाला यह त्योहार केवल एक उत्सव नहीं बल्कि भारतीय जीवन दर्शन का जीवंत प्रतीक है। होली प्रकृति, संस्कृति और मानवीय भावनाओं का अद्भुत संगम है, जो समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। भारतीय सनातन संस्कृति में प्रत्येक पर्व उत्सव के साथ-साथ आध्यात्मिक संदेश और जीवन दर्शन का प्रतीक होता है। उन्हीं पावन पर्वों में से एक है होली, जो रंगों, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम माना गया है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल बाहरी रंगों का उत्सव नहीं बल्कि अंतर्मन को प्रेम, करुणा और सद्भाव से रंगने का अवसर है।

### रंगों का त्योहार

होली का नाम लेते ही मन में रंगों की फुहार, हंसी-ठिठोली और उल्लास का वातावरण सजीव हो उठता है। होली जीवन के उत्साह और आनंद का प्रतीक है। यह पर्व मनुष्य के भीतर छिपी प्रसन्नता को बाहर लाने का अवसर प्रदान करता है। यह केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि भावनाओं का उत्सव है। फाग गीतों की मधुरता, ढोल-मंजीरों की थाप, मित्रों और परिजनों की हंसी तथा अबीर-गुलाल की रंगत इस पर्व को विशेष बनाती है। प्रकृति भी मानो इस उत्सव में सहभागी बन जाती है। आम के पेड़ों पर आई बौर, भंवरों की गूंज, खिले हुए फूल और कोयल की मधुर कूक वातावरण को आनंदमय बना देती है।

### इसबार होली कब है?

इस साल 3 मार्च को चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। इसलिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि रंग कब खेला जाएगा? ज्योतिष के अनुसार , चंद्रग्रहण लगने के नौ घंटे पहले से सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक काल में किसी भी तरह के धार्मिक उत्सव मनाने से परहेज किया जाता है। ऐसे में होली 4 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। अगर शास्त्र सम्मत विधि की बात की जाए तो ग्रहण के समापन के उपरांत रंग खेल सकते हैं इसलिए धुलंडी (रंगों की होली) 4 मार्च को ही खेली जाएगी।

### चंद्रग्रहण का समय

पंचांग के अनुसार, इस बार होली के साथ चंद्रग्रहण भी लगने जा रहा है, जो भारत में दृश्यमान रहेगा। इसलिए सम्पूर्ण भारत में ग्रहण का सूतक काल भी लागू रहेगा। भारतीय समयानुसार, चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा, जिसका समापन शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। अगर कुल अवधि की बात की जाए तो इस बार का चंद्रग्रहण 3 घंटे 27 मिनट तक दिखेगा।

### ऋतु से होली का संबंध

होली का सीधा संबंध ऋतुओं के राजा बसंत से है। बसंत ऋतु प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक मानी जाती है। पतझड़ के बाद जब वृक्षों पर नई कोपलें फूटती हैं, खेतों में सरसों पीली चादर ओढ़ लेती है और वातावरण सुगंधित हो उठता है, तब होली का आगमन होता है। बसंत प्रेम, नवचेतना और उल्लास



का संदेश लेकर आता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी ऋतु में भगवान श्रीराम का माता सीता से प्रथम मिलन हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों संग रास रचाकर प्रेम और आनंद का संदेश दिया। महाशिवरात्रि का पावन पर्व भी इसी काल में आता है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन की स्मृति से जुड़ा है। इस प्रकार होली केवल सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

### होली का संदेश

होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। होलिका दहन की परंपरा हमें यह सिखाती है कि अहंकार, अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है। पौराणिक कथा के अनुसार, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति के सामने अत्याचारी हिरण्यकश्यप और होलिका का अहंकार नष्ट हो गया। इसलिए होलिका दहन केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन की नकारात्मकताओं को त्यागने का प्रतीक है। यह पर्व नवसंवत्सर के स्वागत की भी तैयारी है। होली हमें मन की कलुषता, ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य को त्याग कर नए उत्साह और सकारात्मक सोच के साथ जीवन की नई शुरूआत करने का संदेश देती है। होली मिलन कार्यक्रम सामाजिक समरसता और आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देते हैं।

### होली और रंगों की परंपरा

होली रंगों का त्योहार है और रंग जीवन के विविध भावों के प्रतीक हैं। लाल रंग प्रेम और ऊर्जा का, पीला रंग खुशहाली का, हरा रंग समृद्धि का तथा नीला रंग शांति और विश्वास का प्रतीक माना जाता है।

होली के दिन बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों में सराबोर हो जाते हैं। गलियों, मोहल्लों, गांवों और शहरों में उत्साह का वातावरण दिखाई देता है। हाथों में पिचकारियां, चेहरे पर मुस्कान और दिलों में अपनापन-यही होली की असली पहचान है। इस दिन सामाजिक भेदभाव समाप्त हो जाते हैं और सभी लोग एक समान होकर उत्सव मनाते हैं। ह्लबुरा न मानो होली हैह्व केवल एक वाक्य नहीं बल्कि जीवन को सहजता और प्रसन्नता से जीने का संदेश है। यह पर्व हमें क्षमा, अपनापन और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा देता है।

### होली की सामाजिक और सांस्कृतिक महत्ता

होली आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व रिश्तों में आई दूरियों को मिटाने का अवसर प्रदान करता है। लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं और शुभकामनाएं देते हैं। परंपरा के अनुसार, होली के दिन लोग मित्रों और रिश्तेदारों के घर जाकर अबीर-गुलाल लगाते हैं, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं और बच्चों को स्नेह प्रदान करते हैं। मिठाइयों और पकवानों का आदान-प्रदान सामाजिक संबंधों को और मजबूत बनाता है। आज के व्यस्त जीवन में जहां लोगों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, वहां होली जैसे पर्व समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। यह हमें याद दिलाती है कि जीवन का वास्तविक आनंद प्रेम, सहयोग और सद्भाव में ही निहित है।

### प्रह्लाद की अटूट भक्ति

होली का मूल संबंध भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकशिपु की कथा से जुड़ा है। हिरण्यकशिपु असुरराज था, जिसने अपने अहंकार में स्वयं को ईश्वर घोषित कर दिया था। किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। अनेक यातनाएं देने के बावजूद प्रह्लाद की भक्ति अडिग रही। अंततः हिरण्यकशिपु की बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। किन्तु दैवीय न्याय देखिए, होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित रहे। इसी स्मृति में होलिका दहन किया जाता है। यह दहन केवल लकड़ियों, गोबर के उपलों और बल्लों का नहीं बल्कि अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और पाप प्रवृत्तियों का होता है।

### रंगों की होली

होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों की होली खेली जाती है। यह दिन सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेद मिटाकर सभी एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। सनातन परंपरा में ब्रजभूमि में इस त्यौहार का विशेष महत्व है। वृंदावन और बरसाना की लठमार होली विश्व प्रसिद्ध है। इस त्यौहार राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं की स्मृति है, जो ब्रज जी गलियों सहित पूरे भारत में आज भी जीवंत है।

### होली मनाने की परंपराएं

होली भारत के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरीकों से मनाई जाती है। होली मानने की कुछ परंपराओं में ब्रज की लठमार होली (बरसाना और नंदगांव) शामिल है। ब्रज की लठमार होली दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां पर खेली जाने वाली होली भगवान कृष्ण व राधा के प्रेम का प्रतीक मानी जाती है। मान्यता है कि कृष्ण अपने सखाओं के साथ बरसाना होली खेलने जाते थे और राधा व उनकी सखियां उन्हें लाठियों से रोकती थीं। इसलिए आज भी यह होली खेली जाती है, जिसमें महिलाएं पुरुषों को डंडों से पीटती हैं। पुरुष खुद को ढाल से बचाते हैं। यह पूरी होली हंसी-मजाक और गीतों के साथ होती है। फूलों की होली (वृंदावन, उत्तर प्रदेश)ः फूलों की होली वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में एकादशी के दिन मनाई जाती है। यहां रंगों या गुलाल की जगह ताजे फूलों की पंखुड़ियों का उपयोग किया जाता है। मंदिर के पुजारी भक्तों पर फूल बरसाते हैं। भक्त भगवान पर फूल और गुलाल उड़ाते हैं। धुलंडी और डोलची होली (राजस्थान)ः यह मुख्य रूप से राजस्थान के जयपुर, उदयपुर और कोटा जैसे शहरों के आस पास के क्षेत्र में मनाई जाती है। इस दिन लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल और पानी वाले रंगों से सराबोर कर देते हैं। टोलियां बनाकर ढोल-नगाड़ों के साथ शहर या गांव की गलियों में निकलते हैं और ह्यहोली हैह्ण का शोर मचाते हैं। साथ ही मारवाड़ क्षेत्र में पारंपरिक कपड़े पहनकर ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य करते हैं। बीकानेर की डोलची होली में डोलची भरकर एक दूसरे के ऊपर पानी डालते हैं। होला मोहल्ला (पंजाब)ः यह पंजाब में खेली जाने वाली होली है जिसे सिख समुदाय वीरता के प्रतीक के रूप में मनाता है। इसकी शुरूआत गुरु गोविंद सिंह जी ने की थी ताकि सिखों में सैन्य कौशल और वीरता का विकास हो सके। आनंदपुर साहिब में लगने वाले इस मेले में निहंग सिख घुड़सवारी, तलवारबाजी और युद्ध कला का प्रदर्शन करते हैं। रंगपंचमी (महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश)ः रंगपंचमी विशेष तौर पर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मनाई जाती है। मध्य परदेश के मालवा क्षेत्र में इस दिन बड़े आयोजन होते हैं। इंदौर के राजवाड़ा में निकालने वाली रंगपंचमी गेर विश्व प्रसिद्ध है।

**लेखक का निजी विचार है।**

# होलिका दहन: आस्था,परम्परा, और विजय का प्रतीक



प्रो.विवेकानंद तिवारी

भारतीय संस्कृति में वैदिक परम्परानुसार वर्ष भर में अनेकों त्योहारों के मनाए जाने का प्रावाधन है जिनका आधार कोई न कोई पौराणिक कथा एवं इसके अंदर छुपे आध्यात्मिक, वैज्ञानिक रहस्य हैं। जिनके द्वारा प्रभु की सर्वोत्तम रचना कहे जाने वाले मानव के जीवन का लक्ष्य एवं भगवान की भक्त पर अनन्य कृपा का भाव भी प्रकट होता है। नारद पुराण और अन्य धार्मिक पुराणों में होलिका दहन का विस्तृत विवरण मिलता हैजो इसके प्राचीन भारतीय इतिहास का हिस्सा होने को सिद्ध करता है। राजस्थान के उदयपुर में स्थित माणक चौक में राजमहल की ओर से सदियों से होलिका दहन की परंपरा चल रही हैजो इस उत्सव की ऐतिहासिक निरंतरता को दशार्ती है। वैदिक काल में यह पर्व 'विश्वदेव-पूजन' के रूप में मनाया जाता था। जिसमें हमारे ऋषि अग्नि देव का यज्ञ अग्नि के रूप में आह्वान करते थे। मंत्रोच्चारण की ध्वनियों के बीच गेहूँ, जौ, चना, बाजरा, तिल, आदि के बीज अग्नि कुण्ड में स्वाहा किए जाते थे। इन सबके पीछे उनकी यही भावना होती थी कि वातावरण पवित्र व रोग मुक्त हो और समस्त मानव सुखी हों

**सर्वे भवन्तु सुखिन,**
**सर्वे संतु निरामया,**
**सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद दुख भागभ्सवेत।**

हमारे ऋषि चाहते थे कि समस्त विश्व के लोग सुखी व निरोग रहें। सबका जीवन मंगलमय हो कोई भी दुःखी न रहे की मंगलमय कामना से ओतप्रोत हो वे इस दिन ऐसे यज्ञ किया करते थे। होलिका दहन की कथा पाप पर धर्म की विजय का प्रतीक है। होलिका नामक असुरी के दहन और विष्णुभक्त प्रह्लाद के सकुशल अग्नि से बच जाने की खुशी में ही होलिका दहन और होली का पर्व मनाया जाता है।

नारद पुराण के अनुसार आदिकाल में हिरण्यकश्यप नामक एक राक्षस हुआ था। उसने ब्रह्मा जी से वरदान पाने के लिए कठोर तपस्या की।

ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्ति के बाद हिरण्यकशिपु ने अजेय महसूस किया। दैत्यराज खुद को ईश्वर से भी बड़ा समझता था. वह चाहता था कि लोग केवल उसकी पूजा करें. जिस किसी ने भी उसके वर्चस्व पर आपत्ति जताई, उसने उन सभी को दंडित किया और मार डाला। लेकिन उसका खुद का पुत्र प्रह्लाद परम विष्णु भक्त था. भक्ति उसे उसकी मां से विरासत के रूप में मिली थी. प्रह्लाद ने अपने पिता को एक देवता के रूप में पूजने से इनकार कर दिया। उसने विष्णु में विश्वास करना और उनकी पूजा करना जारी रखा।

अपने पुत्र को भगवान की भक्ति से हटाने के लिए उसने कई प्रयास किए, लेकिन भक्त प्रह्लाद प्रभु की भक्ति को नहीं छोड़ पाए.

कई बार समझाने के बाद भी जब प्रह्लाद नहीं माना तो हिरण्यकश्यप ने अपने ही बेटे को जान से मारने का विचार किया. कई कोशिशों के बाद भी वह प्रह्लाद को जान से मारने में नाकाम रहा. बार बार मारने के प्रयास होने पर भी वह प्रभु-कृपा से बचता रहा। उसने प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी राक्षसी बहन होलिका को



बुलाया। होलिका को दैवीय वरदान प्राप्त था कि आग उसे जला नहीं सकती थी, इसलिए उसने सुझाव दिया कि वह प्रह्लाद के साथ आग में बैठेगी। उसके वरदान और उसके द्वारा पहने गए जादुई वस्त्रों के कारण, आग उसे कुछ नहीं करेगी, लेकिन वह प्रह्लाद को जला देगी। भगत प्रह्लाद को गोद में लेकर होलिका चिता पर बैठ गई. यह सबकुछ देखकर भी प्रह्लाद तनिक भी विचलित न हुए. पूरी श्रद्धा से वह भगवान विष्?णु का नाम जपते रहे। परन्तु, होलिका का यह वरदान उस समय समाप्त हो गया जब उसने भगवान भक्त प्रह्लाद का वध करने का प्रयत्न किया. इस प्रकार प्रह्लाद को मारने के प्रयास में होलिका की मृत्यु हो गई. होलिका अग्नि में जल गई,परन्तु नारायण भगवान की कृपा से प्रह्लाद को कुछ भी नहीं हुआ।

इस कथा से यही धार्मिक संदेश मिलता है कि प्रह्लाद धर्म के पक्ष में थे और हिरण्यकश्यप और उसकी बहन होलिका अधर्म नीति से कार्य कर रहे थे। अतः देव कृपा से अधर्म और उसके साथियों का अंत हुआ।

प्रहलाद को मारने के सभी प्रयास विफल होने पर हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका से सहायता मांगी। दोनों ने मिलकर एक कुटिल योजना बनाई- होलिका प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर आग में बैठ जाएगी, यह सोचकर कि आग से अप्रभावित रहने के कारण वह स्वयं बच जाएगी जबकि युवा राजकुमार जलकर मर जाएगा।

इस नाजुक क्षण में, दैवीय हस्तक्षेप हुआ। प्रहलाद के साथ अग्नि में प्रवेश करने के कारण होलिका की रक्षा भंग हो गई। हालांकि, भगवान विष्णु के आशीर्वाद से प्रहलाद बच गए, जबकि अग्नि की लपटों ने होलिका को भस्म कर राख कर दिया। इस चमत्कारिक घटना ने सब कुछ बदल दिया। भगवान विष्णु ने अपने भक्त की रक्षा करने और हिरण्यकशिपु के अत्याचारी शासन का अंत करने के लिए नरसिम्हा अवतार लिया, जो आधा सिंह और आधा मनुष्य था। भगवान के इस कार्य ने न केवल प्रहलाद की रक्षा की बल्कि यह भी सिद्ध किया कि सच्चा विश्वास झूठ पर विजय प्राप्त करता है और अच्छाई बुराई पर विजय प्राप्त करती है।होलिका दहन की कथा हमें याद दिलाती है कि सच्चे भक्तों को हानि पहुँचाने वाले अंततः अपने ही पतन का कारण बनते हैं। यह कथा हमें दिखाती है कि कठिन समय में अटूट आस्था रखने पर ही दैवीय सुरक्षा सबसे प्रबल होती है। इस कथा से प्रत्येक व्यक्ति को यह प्रेरणा लेनी चाहिए, कि प्रह्लाद प्रेम, स्नेह, अपने देव पर आस्था, दृष्टा और ईश्वर पर अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। वहीं, हिरण्यकश्यप और होलिका तृष्णा, द्वेष, विकार और अधर्म का प्रतीक है।

भारत और नेपाल में लाखों लोग हर साल होलिका दहन मनाने के लिए एक साथ आते हैं, जो गहरी सांस्कृतिक और धार्मिक जड़ों वाला एक त्योहार है। यह पवित्र उत्सव लोगों को दैवीय सुरक्षा की याद दिलाता है और यह बताता है कि अच्छाई हमेशा बुराई पर विजय प्राप्त करती है।

**लेखक का निजी विचार है।**

# दिल्ली लखपति बिटिया योजना का आज राष्ट्रपति करेंगी शुभारंभ

एजेंसी



**नई दिल्ली।** महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम ह्यसशक्त नारी समृद्ध दिल्लीह्ल आयोजित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी ह्यदिल्ली लखपति बिटिया योजनाह्ल का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बदलते समय और उच्च शिक्षा की बढ़ती लागत को देखते हुए बालिकाओं के लिए प्रभावी और भविष्योन्मुखी योजना बनाने की आवश्यकता थी। इसी सोच के साथ लाडली योजना को विस्तारित और सुदृढ़ रूप में ह्यदिल्ली लखपति बिटिया योजनाह्ल के रूप में पुनर्गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व संरचना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र बालिका के नाम पर संस्थागत जन्म होने पर 11,000 रुपये और घरेलू जन्म होने पर 10,000 रुपये जमा किए जाते थे। इसके अतिरिक्त कक्षा एक, छह और नौवीं में प्रवेश, कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने तथा कक्षा बारह में प्रवेश जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक पड़ावों पर 5,000 रुपये की राशि जमा की जाती थी। यह संचित राशि ब्याज सहित 18 वर्ष की आयु में निकाली जा सकती थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नई योजना में सहायता की राशि और दृष्टिकोण दोनों को व्यापक रूप से बढ़ाया गया है। अब बालिका के नाम पर विभिन्न चरणों में कुल 56,000 रुपये जमा किए जाएंगे और ब्याज सहित 21 वर्ष की आयु तक यह परिपक्वता मूल्य 1 लाख रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा पूरा करना अपवाद नहीं बल्कि सामान्य उपलब्धि बने। नई योजना पूरी तरह डिजिटल होगी। फंड का प्रबंधन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जाएगा और निवेश एसबीआई लाइफ धनराशि साधन के अंतर्गत होगा। विभाग द्वारा जमा की गई राशि बालिका की उम्र के साथ बढ़ती रहेगी और परिपक्वता पर पूरी संचित राशि सीधे लाभार्थी के आधार से जुड़े बैंक खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। इससे पारदर्शिता और प्रत्यक्ष वित्तीय समावेशन सुनिश्चित होगा।

योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय 1.20 लाख रुपये से अधिक न हो तथा जो पिछले तीन वर्षों से दिल्ली में रह रहे हों। बालिका का जन्म दिल्ली में होना अनिवार्य है। पंजीकरण जन्म के एक वर्ष के भीतर या निर्धारित शैक्षणिक पड़ावों पर कराया जा सकता है। यह लाभ प्रति परिवार दो जीवित बालिकाओं तक सीमित रहेगा। महत्वपूर्ण रूप से योजना का दायरा बढ़ाकर भारत में किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त या यूजीसी मान्यता प्राप्त संस्थान में स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा पाठ्यक्रम कर रही लड़कियों को शामिल किया गया है। परिपक्वता लाभ केवल शैक्षणिक शर्तों की पूर्ति पर ही देय होगा। वशेष बात यह है कि ह्यसशक्त नारी समृद्ध दिल्ली कार्यक्रम में दिल्ली लाडली योजना के तहत 40,642 पात्र लाभार्थियों को 100.25 करोड़ रुपये की डिजिटल राशि डीबीटी की जाएगी, जो काफी समय से अपनी परिपक्वता राशि प्राप्त नहीं कर पाए थे। यह राशि मेरी पूंजी मेरा अधिकार के तहत प्रदान की जाएगी। वर्ष 2008 में शुरू की गई दिल्ली लाडली योजना का उद्देश्य बालिका के जन्म और शिक्षा को प्रोत्साहित करना और शिक्षा के महत्वपूर्ण पड़ावों पर संरचित वित्तीय सहायता के माध्यम से लैंगिक असमानताओं को दूर करना था। परिपक्वता राशि, अर्जित ब्याज सहित, डीबीटी माध्यम से सीधे आधार से जुड़े बैंक खातों में ट्रांसफर की जाएगी, जिससे पारदर्शिता, दक्षता और लाभार्थियों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित होगी।

## खामेनेई के मारे जाने पर शिया समुदाय ने देश भर में किया विरोध प्रदर्शन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ईरान के सर्वोच्च नेता सैयद अली खामेनेई के अमेरिका और इजरायली हमले में मारे जाने पर देशभर के शिया समुदाय में काफी गुस्सा और गम देखा जा रहा है। देश के शिया बहुल क्षेत्रों कारगिल, लद्दाख, लखनऊ, बिजनौर आदि में इस घटना का विरोध करने के लिए शिया मुसलमान सड़कों पर उतरे और राजधानी दिल्ली में भी प्रदर्शन किया। जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन में भारत सरकार से मजलूम का साथ देने और सैयद अली खामेनेई के निधन पर शोक संदेश जारी करने की मांग की गई। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शिया धर्म गुरुओं ने कहा कि भारत ने हमेशा मजलूमों का साथ दिया है और इस बार भी भारत सरकार को मजलूमों का साथ देना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में खामेनेई के मारे जाने पर दुख और गम का इजहार किया गया।

शिया धर्म गुरुओं ने इस मौके पर कहा कि अमेरिका और इजरायल के जरिए किए गए हमले में खामेनेई शहीद हुए और शहीद हमेशा जिंदा रहता है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे एक कायराना कार्रवाई करार दिया है। इस मौके पर उपस्थित लोगों के हाथों में खामेनेई की तस्वीर देखी गई और बडी. संख्या में लोगों के रोने की आवाजें भी आ रही थीं।

## नागपुर में औद्योगिक विस्फोटक निर्माण कंपनी के कारखाने में धमाका, 15 की मौत

एजेंसी




**नागपुर।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के कळमेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहूलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड कंपनी के कारखाने में आज हुए शक्तिशाली धमाके में 15 लोगों की मृत्यु हो गई है। नागपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार ने घटना की पुष्टि की है। घायलों की सटीक संख्या अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। नागपुर के कळमेश्वर स्थित एसबीएल एनर्जी लिमिटेड (पूर्व नाम स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड) देश की प्रमुख औद्योगिक विस्फोटक निर्माण कंपनी है। यह कंपनी खनन और आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए आवश्यक विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर तथा संबंधित उत्पादों का निर्माण करती है।

यह विस्फोट रविवार तड़के लगभग प्रातः 5:30 बजे हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि इसकी आवाज दूर तक सुनाई दी, ऐसा स्थानीय ग्रामवासियों ने बताया। घटना की सूचना मिलते ही नागपुर के जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर भी घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट के सटीक कारण और घायलों की संख्या के संबंध में अभी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं है। फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना की संपूर्ण समीक्षा के उपरांत ही आधिकारिक आंकड़े जारी किए जाएंगे।

## मध्य पूर्व तनाव से हवाई सेवा प्रभावित, दिल्ली एयरपोर्ट पर 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व संकट के बीच राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (आईजीआईए) पर रविवार को 100 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। पश्चिम एशिया में मौजूदा संकट के कारण विमानन कंपनियां परिचालन संबंधी दिक्कतों से जूझ रही हैं। पश्चिम एशिया में ताजा घटनाक्रम के मद्देनजर आईजीआईए पर प्रस्थान एवं आगमन से संबंधित क्रमशः 60 और 40 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गई हैं।टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया ने अब तक विदेश के लिए 50 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। इस बीच इंडिगो ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी कर कहा है कि हम मिडिल ईस्ट और आस-पास के इलाकों में हो रहे डेवलपमेंट पर पूरी सावधानी से नजर रख रहे हैं। हम समझते हैं कि यह समय अनिश्चित लग सकता है और हम आपको भरोसा दिलाना चाहते हैं कि हर फैसला सावधानी और समझदारी से लिया जा रहा है। एयरलाइन ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए मिडिल ईस्ट एयरस्पेस का इस्तेमाल करने वाली कुछ इंटरनेशनल उड़ानों का अस्थाई निलंबन 2 मार्च की रात 11:59 बजे आईएसटी तक बढ़ा दिया गया है। कंपनी ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए **https://goifdigo.if/ifformtiof/flight-cfcellÔtiofs.html ´SX SX** की गई फ़्लाइट्स की लिस्ट देखें। नागर विमानन मंत्रालय के अनुसार पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंधों के कारण देर रात तक भारतीय विमानन कंपनियों की एक मार्च को 444 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द किए जाने की संभावना है।

## बीएचईएल ने 52वीं एसआरजीएम नेवल गन गोवा शिपयार्ड के लिए की रवाना

# राष्ट्र निर्माण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है : आरके द्विवेदी




**हरिद्वार।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) हरिद्वार के रक्षा एवं एयरोस्पेस विभाग की निर्मित 52वीं नेवल गन की खेप गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के लिए रवाना किया गया। रविवार को बीएचईएल के निदेशक (वित्त) आरके द्विवेदी ने हरिद्वार इकाई के कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर निदेशक (वित्त) द्विवेदी ने कहा कि बीएचईएल की विकसित यह नेवल गन, देश की सामरिक क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बीएचईएल ने ऊर्जा एवं औद्योगिक क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के साथ-साथ, रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता स्थापित की है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार ने बताया कि यह नेवल गन 35 किलोमीटर के दायरे में हवा, पानी और समुद्र में विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों को भेद सकती है। साथ ही लक्ष्य की स्थिति के आधार पर, विभिन्न प्रकार के गोलाझबारूद का चयन करने में भी सक्षम है।

इस अवसर पर राजेश कुमार द्विवेदी ने मानव संसाधन विकास केंद्र तथा इसके परिसर में स्थित वेल्डिंग स्कूल भवन में लगाए गए 300 किलोवॉट रूफ टॉप सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि इस पॉवर प्लांट से न केवल विद्युत लागत में बचत होगी, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी और हरित भारत के लक्ष्य को नई गति मिलेगी। विदित हो कि बीएचईएल हरिद्वार में वित्त प्रमुख एवं ऑडिटर्स सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कंपनी की विभिन्न इकाइयों, कॉर्पोरेट कार्यालय तथा पावर सेक्टर्स के वित्त प्रमुखों एवं ऑडिटर्स ने भाग लिया। इन अवसरों पर कॉर्पोरेट कार्यालय की कार्यपालक निदेशक एच. मालती एवं केजी विजयलक्ष्मी, बीएचईएल हरिद्वार के महाप्रबंधक के. कृष्णमोहन, संतोष कुमार गुप्ता तथा राहुल मिश्रा सहित अन्य महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# अंतिम मतदाता सूची में 60 लाख संदिग्धों में से सबसे अधिक बांग्लादेश से सटे जिलों में

एजेंसी

### मुर्शिदाबाद में सबसे अधिक चिंताजनक स्थिति




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में शनिवार शाम चुनाव आयोग ने राज्य की अंतिम मतदाता सूची जारी की। विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद सामने आए आंकड़ों ने यह साफ कर दिया है कि राज्य में मतदाताओं की शुचिता को लेकर एक अभूतपूर्व अभियान चलाया गया। इस नई सूची के सबसे चौंकाने वाले आंकड़े 'अंडर एडजुडिकेशन' यानी विचाराधीन श्रेणी से निकलकर आए हैं, जिसमें राज्य के लगभग 60 लाख छह हजार 675 मतदाताओं को संदिग्ध मानते हुए उनके मतदान अधिकार को फिलहाल रोक दिया गया है। इन मतदाताओं की नागरिकता और दस्तावेजों की वैधता अब न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है। इनका नाम मतदाता सूची में रहेगा या नहीं, इसका निर्णय उच्चतम न्यायालय के आदेश अनुसार उच्च न्यायालय की न्यायिक बेंच करेगी। इसकी सुनवाई लगातार चल रही है और दावा किया जा रहा है कि राज्य में चुनाव के ऐलान से पहले यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

इस पूरी रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर जो सबसे प्रमुख तथ्य उभरकर सामने आता है, वह है संदिग्ध मतदाताओं का भौगोलिक केंद्र। चुनाव आयोग के आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि संदिग्ध मतदाताओं का सबसे बड़ा जमावड़ा उन जिलों में है जिनकी सीमाएं सीधे तौर पर बांग्लादेश से सटी हुई हैं। इन इलाकों में लंबे समय से अवैध घुसपैठ और मतदाता सूचियों में हेरफेर के आरोप लगते रहे हैं।

आंकड़ों के प्रवाह में देखें तो मुर्शिदाबाद जिला इस फेहरिस्त में सबसे ऊपर है, जहां अकेले 11 लाख एक हजार 145 मतदाताओं के नाम संदिग्ध पाए गए हैं। यह संख्या पूरे राज्य के संदिग्ध मामलों का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा है, जो जिला स्तर पर एक बहुत बड़ी विसंगति को दशार्ता है। यह वही जिला है जहां हिंदुओं के साथ पिछले दो सालों से लगातार हिंसा होती रही है और इस जिले में करीब 70 फीसदी मुस्लिम आबादी है तथा मूल निवासी बंगाली समुदाय घटकर 30 फीसदी के करीब पहुंच गया है।

मुर्शिदाबाद के ठीक बाद मालदा जिले की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक और संवेदनशील बनी हुई है। मालदा में आठ लाख 28 हजार 127 मतदाताओं को संदिग्ध की श्रेणी में रखा गया है। जिले की कुल आबादी और क्षेत्रफल के अनुपात में मालदा में संदिग्धों की यह संख्या राज्य में सबसे प्रभावी मानी जा रही है। इसी तरह दक्षिण बंगाल के सामरिक और सीमावर्ती महत्व वाले जिले उत्तर 24 परगना में पांच लाख 91 हजार 252 मतदाता जांच के घेरे में हैं, जबकि दक्षिण 24 परगना में भी पांच लाख 22 हजार से अधिक नामों को 'होल्ड' पर रखा गया है। इन चार प्रमुख सीमावर्ती जिलों मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर और दक्षिण 24 परगना को मिलाकर ही कुल संदिग्धों का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा बन जाता है, जो यह संकेत देता है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी की जड़ें मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब ही गहरी हैं। इसके विपरीत, जब हम राज्य के उन जिलों की ओर देखते हैं जो अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से दूर या अंदरूनी इलाकों में स्थित हैं, तो वहां की तस्वीर बिल्कुल अलग नजर आती है। उदाहरण के तौर पर झाड़ग्राम में संदिग्ध मतदाताओं की संख्या मात्र छह हजार 682 है और कलिम्पोंग जैसे पहाड़ी जिले में यह आंकड़ा महज छह हजार 790 तक ही सीमित है। सीमावर्ती और अंदरूनी जिलों के बीच का यह भारी अंतर उस प्रशासनिक चुनौती को उजागर करता है जिसका सामना चुनाव आयोग को सीमा पार से होने वाली संदिग्ध गतिविधियों के कारण करना पड़ रहा है। वर्तमान में इन सभी 60 लाख मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सैकड़ों न्यायिक अधिकारियों को तैनात किया गया है। जब तक ये अधिकारी अपनी जांच पूरी कर हरी झंडी नहीं दे देते, तब तक इन मतदाताओं के नाम मुख्य सूची से बाहर रहेंगे और वे मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले सकेंगे।

## एक नजर

### खाड़ी देशों की तरफ जाने वाली उड़ानें आज भी रद्द, सैकड़ों यात्री नेपाल हवाईअड्डे पर फंसे




**काठमांडू।** मध्यपूर्व में बढ़ते तनाव का असर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (टीआईए) के संचालन पर भी पड़ा है, जिसके कारण सैकड़ों यात्री फंसे हुए हैं। खाड़ी क्षेत्र के कई हवाई अड्डों शारजाह, दोहा, दुबई, कुवैत सिटी, अबू धाबी और दमाम में संचालन निलंबित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। इसके परिणामस्वरूप रविवार को काठमांडू से प्रस्थान और आगमन करने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। शनिवार से ही यात्री हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं और रविवार सुबह कई यात्रियों को असमंजस की स्थिति में प्रतीक्षा करते देखा गया। टर्मिनल परिसर में विभिन्न स्थानों पर उड़ान रद्द होने की सूचनाएं चस्पा की गई हैं। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जारी सूचना के अनुसार अगले आदेश तक कतर एयर, फ्लाई दुबई, एमिरेट्स एयर, कुवैत एयर, एयर अरेबिया सहित नेपाल से खाड़ी देशों में जाने वाले हिमालयन एयरलाइंस और नेपाल एयरलाइंस की उड़ाने भी रद्द की गई है।

### नेपाल ने मध्यपूर्व में कूटनीति व संवाद के जरिए शांति स्थापित करने पर जोर दिया




**काठमांडू।** नेपाल ने मध्यपूर्व में जारी तनाव को कूटनीति और संवाद के माध्यम से सुलझाने के लिए सभी पक्षों से आग्रह किया है।नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को संयम बरतने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। नेपाल सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि वह क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रम पर निकटता से नजर रखे हुए है। सरकार ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किए जाने के महत्व को दोहराया। नेपाल ने प्रभावित देशों में बड़ी संख्या में कार्यरत नेपाली श्रमिकों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए उनसे सुरक्षित रहने, आधिकारिक निदेर्शों का पालन करने तथा नेपाली दूतावासों के साथ नियमित संपर्क में रहने का आग्रह किया है।

### संसदीय चुनाव में सुरक्षा को लेकर नेपाली सेना ने सड़कों पर उतारी बख्तरबंद गाड़ियां



**काठमांडू।** निर्वाचन के दौरान में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सेना ने पैदल, मोटरसाइकिल, सवारी साधन तथा बख्तरबंद वाहनों के माध्यम से गश्त शुरू कर दी है। नेपाली सेना ने प्रतिनिधि सभा सदस्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है। नेपाल में 5 मार्च को होने वाले संसदीय निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सेना ने अत्याधुनिक सैन्य वाहनों सहित व्यापक सुरक्षा गश्त और निगरानी शुरू करने की जानकारी दी है। इस समय राजधानी काठमांडू सहित देश के सभी प्रमुख शहरों में हर चौक चौराहे पर सुरक्षा बल की व्यापक तैनाती के साथ ही सड़कों पर सेना की बख्तरबंद गाड़ियां देखी जा सकती है। देश के विभिन्न मतदान स्थलों पर एक साथ गश्ती दल तैनात कर संभावित जोखिमों को नियंत्रण में लेने की सक्रियता बढ़ाई गई है। मतदान की तिथि नजदीक आते ही पूरे देश में सुरक्षा सतर्कता और कड़ी कर दी गई है। खासकर अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में नेपाल पुलिस सशस्त्र प्रहरी बल के साथ सेना की संयुक्त गश्त भी की जा रही है। गृहमंत्री ओमप्रकाश अर्याल ने बताया कि नेपाल प्रहरी और सशस्त्र प्रहरी बल को नेपाली सेना के साथ समन्वय कर संयुक्त गश्त और सुरक्षा प्रबंधन करने का निर्देश पहले ही दिया जा चुका है। उन्होंने मतदाताओं से शांतिपूर्ण वातावरण में निर्भय होकर मतदान प्रक्रिया में सहभागी होने का आग्रह किया है। मतदान केंद्रों के आसपास विशेष निगरानी रखी गई है तथा किसी भी अवांछित गतिविधि को रोकने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

### यूएई में दूतावास ने नेपाली नागरिकों को सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आगाह किया




**काठमांडू।** संयुक्त अरब अमीरात में नेपाली दूतावास ने यूएई में विकसित हो रही परिस्थितियों के संदर्भ में वहां निवास कर रहे समस्त नेपाली समुदाय से सोशल मीडिया के माध्यम से अपुष्ट और भ्रामक सामग्री साझा न करने का आग्रह किया है। दूतावास ने एडवाइजरी-2 जारी करते हुए अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं, अफवाहों या आधिकारिक रूप से पुष्टि न की गई सामग्रियों को प्रकाशित या प्रसारित न करने की अपील की है। परामर्श में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या अन्य तकनीकी माध्यमों से अपुष्ट सामग्री साझा करने से सुरक्षा स्थिति को लेकर भ्रम और अनिश्चितता उत्पन्न हो सकती है, इसलिए सभी को ऐसे कार्यों से बचने के लिए सचेत किया गया है। यह भी कहा गया है कि यूएई के संबंधित निकाय पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि इस प्रकार की गतिविधियां कानून के अनुसार दंडनीय हैं। अतः वहां रह रहे नेपाली नागरिकों से स्थानीय कानूनों का पूर्ण पालन करने और अफवाह फैलाने से दूर रहने का अनुरोध किया गया है। दूतावास ने विकसित परिस्थितियों से संबंधित सही और आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने के लिए यूएई सरकार के आधिकारिक निकायों की वेबसाइट और सूचनाओं के माध्यम से ही अपडेट लेने की सलाह दी है। केवल यूएई के सरकारी निकायों द्वारा जारी सूचनाओं और अपडेट को ही आधार मानने का आग्रह किया गया है। इससे पहले भी दूतावास ने पहली एडवाइजरी जारी करके अनावश्यक यात्रा न करने की अपील की थी।



## एफआईएच वर्ल्ड कप :

# क्वालीफायर के लिए भारत और स्कॉटलैंड की महिला हॉकी टीमें हैदराबाद पहुंचीं

**हैदराबाद।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार दोपहर हैदराबाद पहुंची, जहां 8 से 14 मार्च तक एफआईएच वर्ल्ड कप का क्वालीफायर टूनार्मेंट होगा। स्कॉटलैंड की महिला हॉकी टीम भी आज शहर पहुंच गई, जिसके साथ ही आठ देशों के इस महत्वपूर्ण टूनार्मेंट का माहौल बनना शुरू हो गया है। इस क्वालीफायर टूनार्मेंट में विश्व कप के लिए तीन स्थान दांव पर हैं। ऐसे में दोनों टीमें शुरूआती दिनों में परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालकर प्रतियोगिता में मजबूत शुरूआत करने का लक्ष्य रखेंगी। मेजबान भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों और स्थानीय दर्शकों के समर्थन का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेगी। टीम हाल ही में बेंगलुरू में एक महीने के विशेष प्रशिक्षण शिविर के बाद यहां पहुंची है। इस शिविर में खिलाड़ियों ने फिटनेस, कंडीशनिंग और रणनीतिक तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया, ताकि टूनार्मेंट की चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार रहा जा सके। भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने टीम की तैयारियों पर कहा, ह्लहम हैदराबाद आकर बेहद खुश हैं। अपने घर में खेलना हमेशा खास होता है। पिछले कुछ हफ्तों में हमने अच्छी तैयारी की है और टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। हमारा लक्ष्य साफ है–हर मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना। घरेलू दर्शकों का समर्थन हमें निश्चित रूप से प्रेरित करेगा। स्कॉटलैंड की कप्तान सारा रॉबर्टसन ने कहा, यह हमारा भारत का पहला दौरा है। हम आगे आने वाली चुनौती को लेकर उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य भी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है। हमें पता है कि चुनौती कठिन है, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। टूनार्मेंट में भारत और स्कॉटलैंड को पूल-बी में रखा गया है, जहां उनके साथ उरुग्वे और वेल्स की टीमें भी शामिल हैं। भारत अपने अभियान की शुरूआत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा, इसके बाद 9 मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से मुकाबला खेलेगा। वहीं स्कॉटलैंड 8 मार्च को वेल्स के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा और 11 मार्च को उरुग्वे से भिड़ेगा।

### एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम घोषित

# सलीमा टेटे होंगी कप्तान

एजेंसी

**हैदराबाद।** हॉकी इंडिया ने हैदराबाद (तेलंगाना) में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए 20 सदस्यीय भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम (भारत) की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 8 से 14 मार्च तक आयोजित की जाएगी। भारत 8 मार्च को उरुग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा, इसके बाद 9 मार्च को स्कॉटलैंड और 11 मार्च को वेल्स से मुकाबला करेगा। इस क्वालीफायर में मेजबान भारत के अलावा इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया की टीमें भाग लेंगी। यहां से तीन टीमें एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स) के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो अगस्त 2026 में खेला जाएगा। टीमों को दो पूल में बांटा गया है। पूल-ए में इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया, जबकि पूल-बी में भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स शामिल हैं। अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे टीम की कप्तानी संभालेंगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम को सौंपी गई है। डिफेंस में सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड में सलीमा टेटे के साथ नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग को जगह मिली है। फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू गोल करने की जिम्मेदारी निभाएंगी। मुख्य कोच सजोर्ड मारिजन ने कहा कि टीम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रही है और टूनार्मेंट से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी।




**20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम**

**गोलकीपर :** बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खरीबाम ।
**डिफेंडर्स :** सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी।
**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुताजा दादासो पिसाल और दीपिका सोरेंग।
**फॉरवर्ड :** नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू ।

### दुबई एयरपोर्ट के पास धमाका

# पीवी सिंधु को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया




**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु को दुबई एयरपोर्ट के पास हुए धमाके के बाद सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वह अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पर फंसी हुई थीं, जहां अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण उड़ान संचालन अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन खेलने के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण उन्हें दुबई में रुकना पड़ा। एयरस्पेस बंद होने से कई उड़ानें प्रभावित हुईं और यात्री एयरपोर्ट पर ही इंतजार करने को मजबूर हो गए। सिंधु ने सोशल मीडिया पर बताया, स्थिति हर घंटे और भयावह होती जा रही है। कुछ घंटे पहले एयरपोर्ट पर जहां हम ठहरे हुए थे, उसके पास जोरदार धमाका हुआ। मेरे कोच को धुएं और मलबे के सबसे करीब होने के कारण तुरंत वहां से भागना पड़ा। वह हम सभी के लिए बेहद तनावपूर्ण और डरावना पल था। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सभी सुरक्षित हैं और दुबई एयरपोर्ट स्टाफ व स्थानीय प्रशासन की मदद से उन्हें अधिक सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। सिंधु ने दुबई में स्थित भारतीय उच्चायोग का भी विशेष रूप से आभार जताया, जिसने लगातार संपर्क में रहकर सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि अब वे हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के चलते खाड़ी देशों के एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। इससे एमिरेट्स और एयर इंडिया सहित कई एयरलाइंस की उड़ानें प्रभावित हुई हैं। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले के बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं।इजरायल के साथ-साथ बहरीन, कुवैत और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को भी निशाना बनाए जाने से पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

# जीपीकेएल सीजन-2 में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए लागू होगी ड्राफ्ट प्रणाली

**नई दिल्ली।** यूरोप, अफ्रीका और एशिया के विभिन्न देशों से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी की पुष्टि के बाद ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग (जीपीकेएल) ने रविवार को घोषणा की कि सीजन-2 में संतुलित और प्रतिस्पर्धी टीमें तैयार करने के उद्देश्य से एक संरचित प्लेयर ड्राफ्ट प्रणाली लागू की जाएगी।

यह ड्राफ्ट प्रणाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को एकीकृत करने के लिए तैयार की गई है। जीपीकेएल सीजन 2 में प्रत्येक फ्रेंचाइजी दो टीमें एक पुरुष और एक महिला टीम उतारेगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक टीम में घरेलू और प्रवासी खिलाड़ियों का मिश्रण अनिवार्य होगा, जो भारत की मजबूत कबड्डी परंपरा को उभरती वैश्विक भागीदारी से जोड़ने की लीग की मूल भावना को प्रतिबिंबित करता है। अपने पहले सीजन में जीआईपीकेएल के रूप में शुरूआत करने के बाद सीजन 2 की यह ड्राफ्ट प्रणाली पेशेवर रूप से संगठित और प्रतिस्पर्धात्मक संतुलन वाली टीमों के निर्माण की दिशा में अगला कदम है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय समावेशन को भी प्राथमिकता दी गई है। इस मॉडल के तहत संरचित ट्रायल्स से उभरने वाले खिलाड़ियों का तकनीकी कौशल, फिटनेस, सामरिक समझ और टीम के अनुरूप ढलने की क्षमता के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके बाद उन्हें केंद्रीय ड्राफ्ट पूल में शामिल किया जाएगा। फ्रेंचाइजी टीमें अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप कोच-नेतृत्व वाली रणनीतिक प्रक्रिया के माध्यम से इस ड्राफ्ट पूल से खिलाड़ियों का चयन करेंगी।सीजन 2 में इंग्लैंड, नीदरलैंड, पोलैंड, हंगरी, चेक गणराज्य, जर्मनी, तंजानिया, केन्या, कैमरून, हांगकांग और ताइवान सहित कई देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है, जो भारत के प्रमुख कबड्डी राज्यों के घरेलू खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रवासी अवधारणा पर हिप्सा की अध्यक्ष कांथी डी सुरेश ने कहा कि प्रवासी तत्व जीपीकेएल की दृष्टि का केंद्र है। किसी भी देश से आने वाला खिलाड़ी केवल लीग में भाग नहीं लेता, बल्कि अपने देश लौटने पर वह इस खेल का प्रतिनिधि बन जाता है। इससे कबड्डी के अंतरराष्ट्रीय विस्तार और नए दर्शकों तक पहुंच बनाने का स्वाभाविक मार्ग तैयार होता है।

घरेलू और प्रवासी खिलाड़ियों के समावेशन के साथ संरचित प्रक्रिया के माध्यम से टीमों के गठन को सक्षम बनाकर, जीपीकेएल स्वयं को एक पेशेवर रूप से संचालित मंच के रूप में स्थापित कर रहा है, जिसका उद्देश्य कबड्डी को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाना है।




## टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद सनथ जयसूर्या ने श्रीलंका के मुख्य कोच पद से हटने का किया ऐलानं

एजेंसी

**कैंडी।** सनथ जयसूर्या ने टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर 8 चरण से बाहर होने के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। श्रीलंका को शनिवार रात पाकिस्तान के खिलाफ पांच रन से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद जयसूर्या ने अपने फैसले की जानकारी दी। जयसूर्या ने मैच के बाद कहा, मैंने सोचा कि यह जिम्मेदारी किसी और को दे देनी चाहिए। दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान ही मैंने संकेत दे दिया था कि मैं आगे इस पद पर बने रहने की योजना नहीं बना रहा हूं। मेरा इरादा था कि विश्व कप के बाद अच्छे नोट पर विदाई लूं, लेकिन वैसा नहीं हो सका। इसका मुझे अफसोस है। हालांकि, उनका अनुबंध जून 2026 तक है, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह 13 से 25 मार्च तक खेले जाने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कमान संभालेंगे या नहीं।

## अरुणा बुधिया मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट के विजेता बनी फेरो फाइटर्स टीम

**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड की ओर से आयोजित अरुणा बुधिया मेमोरियल इंटर-डिपार्टमेंट क्रिकेट टूनार्मेंट 4.0, का रविवार को सिरका क्रिकेट स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में फेरो फाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पावर पार्टनर्स को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल भावना और जुझारूपन का परिचय दिया। फेरो फाइटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 160 रन बनाएं। वहीं पावर पार्टनर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 16.2 ओवर में 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। फेरो फाइटर्स ने यह फाइनल मैच 65 रनों के अंतर से जीत लिया। स्वर्गीय अरुणा बुधिया की स्मृति में आयोजित इस टूनार्मेंट में कुल 8 टीमों और लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पूरे टूनार्मेंट के दौरान खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनंत शंकर सेठ, वीपी, जीएफए ने सभी विभागाध्यक्षों और वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



### एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 185 रन से हराया

**ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में किया क्लीन स्वीप**

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने अपने अंतिम वनडे मुकाबले में 158 रन की विस्फोटक पारी खेलकर टीम को भारत के खिलाफ 185 रन की बड़ी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 3-0 से जीत ली। बेलरीव ओवल में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 409 रन बनाए, जो घरेलू मैदान पर उसका पहला 400 से अधिक का स्कोर है। हीली के अलावा बेथ मूनी ने 84 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाए। अंत में निकोला कैरी ने 15 गेंदों में नाबाद 34 रन की तेज पारी खेली। भारत की ओर से स्नेह राणा (44 रन) ने सर्वाधिक योगदान दिया, लेकिन टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अलाना किंग ने 4 विकेट झटके और भारतीय बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया। टॉस जीतकर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले गेंदबाजी चुनी। हीली ने 98 गेंदों में 158 रन की पारी खेलते हुए 79 गेंदों में शतक पूरा किया। यह उनका वनडे करियर का आठवां शतक रहा। उनकी इस पारी के दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। 410 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। स्मृति मंधाना बिना खाता खोले आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स (42 रन) ने कुछ आक्रामक शॉट लगाए, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। हरलीन देओल (14 रन) रन आउट हुईं और हरमनप्रीत कौर 25 रन बनाकर आउट हो गईं। मध्यक्रम में दीप्ति शर्मा (29 रन) और स्नेह राणा ने थोड़ी देर संघर्ष किया, लेकिन लक्ष्य काफी बड़ा था। अंततः ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भारत को 46वें ओवर में समेट दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने बहु-प्रारूप श्रृंखला में 8-4 की बढ़त बना ली है और अब दोनों टीमें पर्थ में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच की तैयारी करेंगी।



## प्राग इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल के चौथे दौर में डी. गुकेश को डेविड नवारा ने रोका

**प्राग।** प्राग इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल के चौथे दौर में विश्व चैंपियन डी. गुकेश की पहली जीत की तलाश जारी रही। उन्हें चेक गणराज्य के दिग्गज ग्रैंडमास्टर डेविड नवारा ने ड्रॉ पर रोक दिया। डी. गुकेश ने ह्यरूई लोपेज बर्लिन ओपनिंग में बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन अनुभवी डेविड नवारा ने सटीक बचाव किया। 72 चालों के बाद रूक और प्यादों के एंडगेम में मुकाबला ड्रॉ रहा। इसी दिन नीदरलैंड के जॉर्डन वान फोरेस्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मुकाबलों में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुब्बोएव को पराजित किया। गत चैंपियन अरविंद चितांबरम को जर्मनी के विन्सेंट कीमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।अन्य मुकाबलों में अमेरिका के हैंस मोक नीमन और ईरान के परहाम मगसूदलू के बीच बाजी बराबरी पर छूटी। स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी अंक साझा किए। अंक तालिका में जॉर्डन वान फोरेस्ट तीन अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके पीछे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और डेविड नवारा ढाई अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नोदिरबेक याकुब्बोएव, विन्सेंट कीमर और डेविड एंटोन गुइजारो उनसे आधा अंक पीछे हैं। डी. गुकेश, अरविंद चितांबरम, हैंस मोक नीमन और परहाम मगसूदलू 1.5 अंकों के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। अरविंद चितांबरम ने फिलिडोर डिफेंस अपनाया, पर विन्सेंट कीमर ने किंग-साइड आक्रमण से बढ़त बना ली।

## 14 महीने बाद जेल से छुटकर बाहर आए अरशद नसर

# जेल से बाहर आते ही अरशद ने दहाड़ा न झुकें हैं न झुकेंगे न डरें हैं न डरेंगे

- अरशद ने कहा भ्रष्ट पुलिस, प्रशासनिक पदाधिकारी व पत्थर माफियाओं के खिलाफ रहेगा संघर्ष जारी
- हाईकोर्ट ने अरशद के खनन कार्यालय में प्रवेश पर लगाया रोक, अरशद ने कहा सुप्रीम कोर्ट में करेंगे अपील
- अरशद के बाहर आने से भ्रष्ट पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी व पत्थर माफियाओं में छाई बेचैनी




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह राजमहल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सैयद अरशद नसर के खिलाफ जिले के खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू के द्वारा रंगदारी, भयदोहन, ब्लैकमेलिंग, सरकारी संचिका फाड़ने, सरकारी काम में बाधा डालने व एससी एसटी एक्ट के तहत जिरवाबाड़ी थाना में दर्ज कराए गए दो दो कांड संख्या 104/24 तथा 204/24 में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी के बेंच में विद्वान अधिवक्ता सुधांशु शेखर चौधरी व प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, साहिबगंज अखिल कुमार के न्यायालय में विद्वान अधिवक्ता मो. तारीक जफर उर्फ मिंटू के द्वारा तथा शेखपुरा थाना कांड संख्या 248/24 में संतोष कुमार तिवारी, प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश, शेखपुरा के न्यायालय में विद्वान अधिवक्ता बिनोद कुमार सिंह के द्वारा अरशद नसर की तरफ से पैरवी उपरांत न्यायालय के द्वारा नियमित जमानत प्रदान करने के चलते अरशद नसर 14 महीने पर रविवार को शेखपुरा जेल से बाहर निकल गए। विदित हो कि अरशद बीते वर्ष 8 जनवरी से साहिबगंज जेल में बंद थे जहाँ अरशद द्वारा जेल में व्याप्त भ्रष्टाचार, अत्याचार, कुव्यवस्था, घटिया खानपान के खिलाफ लगातार किए जा रहे आंदोलन के चलते ही बीते 13 दिसंबर को ही अरशद नसर को साहिबगंज जेल से मधुपुर जेल भेज दिया गया था। जहां मधुपुर जेल में शिफ्ट होने के बाद वहां भी अरशद नसर के द्वारा भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ आवाज उठाने के चलते बीते 26 फरवरी को मधुपुर जेल से शेखपुरा जेल भेज दिया गया। उधर जेल से बाहर आने के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अरशद नसर ने सर्वप्रथम न्यायालय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की वह न कभी झुकें हैं और न ही कभी झुकेंगे और न ही कभी डरें हैं और न ही कभी डरेंगे। वही जेल जाने से उनका मनोबल गिरने के बदले और मजबूत हुआ है। वही अरशद नसर ने आगे कहा की भ्रष्ट पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी राजनीतिज्ञ व स्टोन क्रशर, पत्थर, बालू, ईटा, भुमि, कोयला, वन माफियाओं व आसामाजिक तत्वों के खिलाफ उनका संघर्ष और तेज होगा तथा ऐतिहासिक राजमहल पहाड़ व गंगा नदी के संरक्षण व संवर्धन के लिए उनका अभियान अब और जोर पकड़ेगा तथा जल, वायु व ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। आगे उन्होंने कहा है साहिबगंज व मधुपुर जेल में बिताए गए पल के बारे में अरशद नसर ने बताया कि अंग्रेज के समय का जेल बेहतर था जबकि आजाद भारत का साहिबगंज जेल व मधुपुर जेल नरक से भी बदतर है जिसका वह जल्द खुलासा करेंगे। वही हाईकोर्ट के द्वारा उनके खनन कार्यालय में प्रवेश पर रोक लगाएं जाने के बारे में उन्होंने कहा की वे सुप्रीम कोर्ट में जल्द अपील दायर करेंगे। वही अरशद के जेल से बाहर आने पर भ्रष्ट पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी समेत सफेदपोश नेताओं व आसामाजिक तत्वों व पत्थर माफियाओं व कारोबारियों में दहशत व बेचैनी देखी जा रही है तो दूसरी तरफ सामाजिक कार्यकताओं, जागरूक नागरिकों व बुद्धिजीवि वर्ग में खुशी व हर्ष व्याप्त है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन ने की बैठक



**साहिबगंज:** रेलवे जनरल इंस्टीच्यूट मैदान परिसर में रविवार को जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जहां बैठक की अध्यक्षता किसान नेता लक्ष्मण यादव ने की, जिसमें जिलेभर से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। उधर बैठक के दौरान वर्ष 2008 से 2024 तक लंबित फसल बीमा की बकाया राशि को लेकर गंभीर चर्चा की गई। जहां किसानों ने कहा कि वर्षों बीत जाने के बावजूद उन्हें फसल बीमा का समुचित लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। वही अन्य वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्राकृतिक आपदाओं और फसल क्षति के बाद भी बीमा कंपनियों एवं संबंधित विभागों की उदासीनता के कारण किसानों को उनका हक नहीं मिल सका। जहां किसान नेताओं ने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र ही बकाया फसल बीमा राशि का भुगतान नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इसके लिए चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। इस बैठक में धरना प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने जैसे प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उधर बैठक की अध्यक्षता करते हुए लक्ष्मण यादव ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं लेकिन आज वही किसान अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। जहां उन्होंने सरकार से मांग की है कि लंबित बीमा दावों का त्वरित निपटारा कर किसानों को राहत दी जाए। इस बैठक में मुखिया संतोष कुमार गौंड, किसान मिट्ठु यादव, हीरा पंडित, बासकीनाथ चौबे सहित सैकड़ों किसानों ने अपने विचार रखे और एकजुट होकर किसान हित की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। जहां अंत में निर्णय लिया गया कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसान संगठन के बैनर तले बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

## रंगो का त्योहार होली पर्व को लेकर सजी रंग बिरंगी दुकानें

# खरीदारी करने के लिए उमड़ी भीड़

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** रंगों का त्योहार होली पर्व को लेकर बाजारों में रंग अबीर गुलाल समेत विभिन्न प्रकार के आकर्षक पिचकारियों की दुकान सज गई है। जहां रंगों का त्योहार होली पर्व को लेकर सामानों की खरीदारी करने के लिए स्थानीय लोगों की भारी भीड़ बाजार के दुकानों में उमड़ने लगी है। उधर होली पर्व पर आकर्षक पिचकारियों के आने से खासकर छोटे छोटे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## बोरियो प्रखंड झामुमो कमिटी ने बीमार कार्यकर्त्ता लक्ष्मण बेसरा का जाना हालचाल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोरिया:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय सदस्य सह पूर्व प्रखंड कमिटी सदस्य लक्ष्मण बेसरा पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं। जहां उनकी तबीयत खराब की जानकारी मिलने पर झामुमो प्रखंड कमिटी बोरियो के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू के नेतृत्व में उनके आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना तथा शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और परिवारजनों से भी बातचीत की। जहां प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू ने कहा कि पार्टी अपने समर्पित कार्यकताओं के सुख दुख में हमेशा साथ खड़ी रहती है। वही कार्यकताओं ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि लक्ष्मण बेसरा जल्द स्वस्थ होकर पुनः सामाजिक व संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय हों। इस अवसर पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी, प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य रिजवान अंसारी, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मंजू मुर्मू, सुरेश मरांडी, गंगा सोरेन, गोलमा सोरेन, शकील अहमद, हेमलाल हेम्ब्रम, मानवेल हॉसदा, जार्ज मरांडी, अर्जून रजक, पल्लवी मरांडी, राबोन मरांडी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## होली के अवसर पर दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**राजमहल:** प्रखंड क्षेत्र के बुधवरिया गांव में होली के अवसर पर दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन रविवार को किया गया जिनमें से 16 टीमों ने हिस्सा लिया। इस क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, जिला परिषद सदस्य राजेश मंडल, अजय दास एवं विकास यादव ने किया। उधर क्रिकेट टूनार्मेंट का दूसरे दिन 1 मार्च 2026 दिन रविवार को शोभापुर और कोदरजन्ना के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिनमें से शोभापुर की टीम ने 7 रनो से हराकर सौरभ सामाजिक ट्रॉफी सीजन 10 पर कब्जा किया। वही शोभापुर विजेता टीम को 12 हजार रुपए और चमचमाती हुई ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 8 हजार रुपए और चमचमाती हुई ट्रॉफी से सम्मानित झारखंड मुक्ति मोर्चा के सचिव विकास यादव और अजय दास के हाथों किया गया। जहां यह क्रिकेट टूनार्मेंट पिछले 10 वर्षों से सौरभ कुमार और रघुवीर के द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किए जाते हैं। इस टूनार्मेंट में सहयोग के रूप में जेपी कृष्णकांत, रवि गगन, लालू अंगद, रुस्तम, नटवर विकाश अभिराम दीपक नीतीश रामफल एवं समस्त ग्रामवासी का सहयोग रहा।

# रेलवे पेंशनर युनियन ने मनाया 34 वां स्थापना दिवस व होली मिलन समारोह



**साहिबगंज:** रेलवे पेंशनर युनियन के सदस्यों ने रविवार को 34 वां स्थापना दिवस एवं होली मिलन समारोह मनाया गया। जहां आज ही के दिन 1 मार्च 1992 को संघ की स्थापना हुई थी। इस अवसर पर सेवानृवित रेलवे कर्मचारी महेश तांती ने कहा सेवानृवित कर्मचारी सभी लोग रेलवे पेंशनर युनियन से जुड़े संगठन को मजबूत बनाए। वही बालदेव उरांव ने भी अपना वक्तव्य दिया कि संगठन में बड़ी ताकत होती है जहां संगठन में मजबूत रहेंगे तो पेंशनर युनियन के माध्यम से पेंशनरधारी की समस्या आसानी से हल हो सकती है। उधर रेलवे पेंशनर युनियन शाखा साहिबगंज की ओर से जो पेंशनरधारी का उम्र 80 वर्ष हो गया उसे वरिष्ठ पेंशनधारी के रूप में सम्मानित किया। जहां इस मौके पर वरिष्ठ पेंशनधारी के रूप में रामराज पासवान, बहादुर पासवान,बीआर केवट को उपस्थित लोगों में से अध्यक्ष सुबोध दास, सचिव महेश तांती, कोषाध्यक्ष रामविलास सिंह, उप कोषाध्यक्ष केपी साह, बालदेव उरांव, समाजसेवी अनिल पासवान एवं दर्जनों पेंशनधारी मौजूद थे।

## राधानगर में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ समापन, गूँजा राष्ट्रवाद का स्वर

**उधवा:** प्रखंड क्षेत्र के राधानगर में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा रांची के उपप्रधान काशीनाथ आर्य ने किया। उधर मंचीय कार्यक्रम से पूर्व सैकड़ों की संख्या में माताओं बहनों ने कलश यात्रा के माध्यम से पूरे गांव को भक्तिमय कर दिया। जहां मंचीय कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उधर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में वृन्दावन धाम से अखिल भारतीय संत महासभा के सदस्य श्रद्धेय स्वामी हंसानंद गिरि जी महाराज पहुंचे। वहीं मंचीय अतिथि के रूप में आरएसएस के विभाग संघचालक डॉ. राजकुमार साहा, विभाग प्रचारक अजय कुमार, विभाग कार्यवाह मृत्युंजय, समाजसेवी अतुल मंडल सम्मिलित हुए।

## राधानगर पुलिस ने होली पर्व को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

# होली का त्योहार शांतिपूर्ण भाईचारे के साथ मनाएं



**उधवा:** रंगो का त्योहार होली पर्व एवं माहे रमजान को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर राधानगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने रविवार को फ्लैग मार्च निकाला। जहां फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रभारी थाना प्रभारी गंगा प्रसाद यादव ने किया। उधर थाना मुख्यालय से शुरू होकर फ्लैग मार्च विभिन्न चौक चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरते हुए आमजनों को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने जगह जगह लोगों से मुलाकात कर होली एवं रमजान का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। वही प्रभारी थाना प्रभारी गंगा प्रसाद यादव ने कहा कि होली शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होनी चाहिए यदि किसी के द्वारा विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आगे उन्होंने कहा कि 24 घंटे पुलिस प्रशासन आमजन की सेवा के लिए तत्पर और तैयार है। इस फ्लैग मार्च के मौके पर एसआई पंकज दुबे, जुमार्ती अंसारी, गंगा प्रसाद यादव, शिवानंद पासवान, एएसआई शिशिर यादव, हकीम मुर्मू, कानू मुर्मू, सुनील कुमार मेहता, सरफुद्दीन खान, श्रीलाल हांसदा, चौकीदार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## जिला सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट का चैंपियन बना नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब

# फाइनल मुकाबले में द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब को 6 विकेट से हराया

**मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक, विशिष्ट अतिथि डीएसओ व जेएससीए सदस्य ने विजेता, उपविजेता व खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत**




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत रविवार को द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब बनाम नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जहां द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.1 ओवर में 154 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जहां आशीष ने 31, मिस्टर एनर्जी ने 35 व प्रीतम ने 36 रन की पारी खेली। उधर नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब के गेंदबाज अनुज ने 4, विवेकानंद व विष्णु ने 2-2 विकेट लिए। वही जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नेताजी सुभष क्रिकेट क्लब की टीम ने 22.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाकर 6 विकेट से इस मैच को जीतकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। जहां मो फैजान ने 43 व पीयूशम सिंह ने 71 रन की पारी खेली। वही द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के गेंदबाज मो. जुनैद व अनिकेत ने 2-2 विकेट लिए। इस मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व तारिक अनवर एवं स्कोरिंग मो. अशफाक आलम ने किया। जहां नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी मो. फैजान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस दौरान पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि डीएसओ सह डीएसई कुमार हर्ष ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामना दी। इसके पूर्व जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उधर अतिथियों ने विजेता, उपविजेता व मैन ऑफ दी मैच नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी पीयूशम कुमार सिंह, मैन ऑफ दी सीरीज नेताजी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी मो. फैजान अहमद, बेस्ट बैट्समैन नेताजी सुभाष क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी मो. फैजान अहमद व बेस्ट बॉलर नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी केशव कुमार एवं फेयर प्ले टीम नॉर्थ कॉलोनी क्रिकेट क्लब को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान अतिथियों ने अंडर 19 के खिलाड़ी अमूल कुमार, संतोष राज व सचिन कुमार को अंतर जिला टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया। वहीं सूर्या नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. सुमित की ओर से अंडर 16 खिलाड़ी आदित्य ज्ञान, मो. जुनैद परवेज व अंडर 14 खिलाड़ी ऋषभ राज को किट प्रदान किया। इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, अमित तिवारी, डॉ. तुफैल अहमद, मो. जाहिद खान, सुरेश साह, राकेश गुप्ता, राकेश रौशन, गोपाल सिंह, वार्ड पार्षद शेखर पासवान, उद्घोषक भगवती पांडेय, फुटबॉलर अनिल रजक सहित दर्जनों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# एमजीसीयू में शिक्षा समागम का आयोजन, शिक्षा, उधोग और भारतीय ज्ञान परंपरा पर मंथन

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से गांधी ऑडिटोरियम में एजुकेशन कॉन्क्लेव के तहत इंडियाज ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशनल रिवोल्यूशन का भव्य आयोजन हुआ। इस राष्ट्रीय आयोजन में शिक्षा जगत के दिग्गजों, कुलपतियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और नीति विशेषज्ञों ने नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा संस्थानों की चुनौतियों, उद्योग-अकादमिक साझेदारी और भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विषयों पर गहन विमर्श किया।




कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और कुलगीत के साथ हुआ। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण में कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहे, बल्कि राष्ट्र निर्माण का माध्यम बने। उन्होंने विश्वविद्यालयों को नवाचार, अनुसंधान और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने पर बल दिया। मुख्य अतिथि पूर्वी चंपारण के सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों के सशक्तिकरण की आवश्यकता जताई। पहले तकनीकी सत्र बिहार एचईआईज इन स्पॉटलाइट में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रो. रंजीत वर्मा ने की।

बिहार विवि के कुलपति प्रो डीसी राय, ललित नारायण मिथिला विवि के कुलपति प्रो संजय चौधरी, मगध विवि के कुलपति प्रो एसपी शाही समेत अन्य शिक्षाविदों ने राज्य में शोध संस्कृति को मजबूत करने, डिजिटल संसाधनों के विस्तार और उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रमों पर जोर दिया। पैनल में यह बात उभरकर आई कि बिहार के विश्वविद्यालय संसाधनों की सीमाओं के बावजूद अकादमिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने नैक मूल्यांकन, फैकल्टी डेवलपमेंट और स्टूडेंट सपोर्ट सिस्टम पर सवाल रखे। दूसरे सत्र शेयरिंग एक्सपीरियंस विद अकादेमिया में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किए। पूर्व कुलपति प्रो. एन.वी. वर्गीज की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में शिक्षण-प्रशासन, आश्वासन और वैश्विक रैंकिंग जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालयों को स्थानीय जरूरतों और वैश्विक मानकों के बीच संतुलन बनाना होगा।

## वेब सीरीज 'संजीदगी एक पहेली' के लिए कलाकारों का चयन संपन्न

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर के शिशु रोग विशेषज्ञ सह जीवन जागृति सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह द्वारा रचित और समाजसेवी संजीव सुमन के निर्देशन में बनने जा रही बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'संजीदगी एक पहेली' (एस-सीरिज फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस) के लिए रविवार को कलाकारों की चयन प्रक्रिया (ऑडिशन) सफलतापूर्वक संपन्न हुईइस इस ऑडिशन का मुख्य उद्देश्य अंग क्षेत्र की छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें एक बड़ा प्लेटफॉर्म प्रदान करना रहा। आज आयोजित इस ऑडिशन में भागलपुर और आसपास से आए दर्जनों प्रतिभावान मेल और फीमेल कलाकारों ने हिस्सा लिया। कलाकारों ने 'संजीदगी' और 'लापरवाही' जैसे गंभीर विषयों पर आधारित दृश्यों को बखूबी मंच पर उतारा। चयन प्रक्रिया के दौरान कलाकारों के अभिनय, संवाद अदायगी और भाव-भंगिमाओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर फिल्म के निमार्ता डॉ. अजय सिंह और निर्देशक संजीव सुमन के साथ-साथ कला और सामाजिक जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शुबराज सिंह, कत्थक कोच निवास मोदी, सहयोगी आलोक चौधरी और स्थानीय कलाकार नित्यानंद नितुल, माना शुक्ला, विश्वा सिंह, राज सिंह, मनीष यादव, प्रेम सिंह, मनोहर राजा, डॉ. मनीष राज, रवि शंकर, उदय कुमार, बिहारी प्रसाद, राज चौधरी, अजय कुमार, डॉ. आलोक भास्कर, रवि पोद्दार, रिया कुमारी और रानी चौधरी सहित कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति पेश की।

## पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष चुनाव में एनएसयूआई प्रत्याशी की जीत पर जश्न

एजेंसी

**अररिया।** पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन अर्थात एनएसयूआई के अध्यक्ष और महासचिव पद पर कब्जा होने की खुशी में फारबिसगंज में रविवाद को एनएसयूआई और युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।



कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे फोड़े और एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी।इस दौरान एनएसयूआई और युवक कांग्रेस के कार्यकताओं ने एनएसयूआई और कांग्रेस के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर शांतनु शेखर और महासचिव पद पर खुशी कुमारी ने जीत दर्ज की है।छात्र संघ के चुनाव के परिणाम से कांग्रेस के युवा और छात्र विंग में भारी खुशी देखी जा रही है।

मौके पर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी ने कहा कि छात्रों में अब नरेन्द्र मोदी की हवा हवाई बात समझ में आने लगी है। रोजगारन्मुखी कार्यक्रम और शिक्षा के बदले कॉर्पोरेट घरानों के मन की बात करने वाले भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तिलिस्म टूटने लगा है।जिसका परिणाम है पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव का यह परिणाम।जहां पहली बार अध्यक्ष और महासचिव पद पर एनएसयूआई कार्यकर्ता ने अपनी जीत दर्ज की है।

वहीं युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव करण कुमार पप्पू ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने मत देकर यह विश्वास जता दिया है कि भाजपा का सब्जबाग में वे अब फंसने वाले नहीं हैं।इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब सिंहासन खाली करने की तैयारी कर ले। मौके पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी, करण कुमार पप्पू, कफिल अंसारी, मुमताज सलाम, संजीव शेखर, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शाद अहमद, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल सिन्हा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गुलाबचंद ऋषिदेव, नगर अध्यक्ष अमितेश गुड्डु, अनवर राज, प्रदीप कुमार कर्ण, गुलशन आरा, टनटन गुप्ता, बबलू कुमार आदि मौजूद थे।

## एकीकृत कृषि प्रणाली किसानों की आय बढ़ाने में प्रभावी : राधामोहन

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** कृषि विज्ञान केंद्र पीपराकोठी स्थित सभागार में रविवार को समेकित कृषि प्रणाली मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक कृष्णनंदन पासवान, विधायक सचिन्द्र प्र.सिंह, केविके प्रमुख डा अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि पिछले वर्षों में किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने डीबीटी प्रणाली लागू की है।

## जल्द एआई हब के रूप में विकसित होगा भागलपुर : रोहित पांडेय

एजेंसी

**भागलपुर।** होली के बाद मई-जून में उद्योगपतियों के साथ भागलपुर में एक बड़े इंडस्ट्रियल और एआई सम्मिट की संभावना जताई जा रही है। यह जानकारी भागलपुर के भाजपा विधायक रोहित पांडेय ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित एआई सम्मिट के बाद अब भागलपुर को भी एआई हब के रूप में विकसित करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाएंगे। विधायक रोहित पांडेय ने बताया कि भागलपुर पहले से ही शैक्षणिक और औद्योगिक दृष्टि से मजबूत आधार रखता है। यहां ट्रिपल आईटी, इंजीनियरिंग कॉलेज और एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जैसी संस्थाएं मौजूद हैं, जो तकनीकी और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## रेलवन ऐप को लेकर डिजिटल जागरूकता अभियान

एजेंसी

**भागलपुर।** डिजिटल इंडिया मिशन एवं भारतीय रेल की डिजिटल यात्री सेवाओं के विस्तार के अनुरूप मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में रेलवन ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है।



रविवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर रेलवन ऐप डिजिटल जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा बोनाफाइड यात्रियों को रेलवन ऐप की प्रमुख सुविधाओं, जैसे आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट बुकिंग, लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, पीएनआर एवं कोच स्थिति की जानकारी, डिजिटल प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग तथा रेल मदद, रिफंड अनुरोध एवं यात्रा फीडबैक सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित यात्रियों को अपने मोबाइल फोन पर रेलवन ऐप डाउनलोड करने तथा उसके माध्यम से टिकट बुकिंग एवं अन्य डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही यात्रियों को डिजिटल टिकट जारी करने की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

यह पहल विशेष रूप से विद्यार्थियों एवं नियमित यात्रियों को डिजिटल सेवाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करने तथा सुरक्षित, स्मार्ट एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मालदा मंडल द्वारा भविष्य में भी मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं शैक्षणिक संस्थानों में इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिकाधिक यात्री डिजिटल रूप से सशक्त बन सकें।

## 07 किग्रा गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के कहलगाँव थानान्तर्गत 07 कि०ग्रा० गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि एसएसपी के निदेर्शानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी और छिनतई के हॉट स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में कहलगाँव थाना को सूचना प्राप्त हुआ की पिरपैंती की ओर से आने वाली सड़क के रास्ते एक काले रंग के मोटरसाईकिल पर सवार दो लोग अवैध मादक पदार्थ लेकर कहलगाँव की ओर जा रहे हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसपी के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक, नगर भागलपुर के निगरानी तथा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कहलगाँव-02 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम के द्वारा कहलगाँव थानान्तर्गत पिरपैंती कि तरफ से आने वाली सभी रास्ते पर सघन वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन जॉच के दौरान देखा गया कि एक काले रंग के मोटरसाईकिल पर सवार दो लोग पुलिस बल को देखकर भागने लगे। जिन्हें सशस्त्र बल के सहयोग से पिछा कर नायरा पेट्रौल पम्प के पास पकड़ा गया। पूछ-ताछ के क्रम में इन्होंने अपना नाम रंदु मंडल राजेश जयसवाल बताया। तलाशी के दौरान इनके पास से 07 कि०ग्रा० गांजा बरामद किया गया है। उक्त गिरफ्तार दोनों अपराधकर्मी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल थानाध्यक्ष श्यामला कुमार कहलगांव थाना एवं अन्य पुलिस अधिकारी और पुलिस जवान शामिल थे।

# होली और वित्तीय वर्ष समापन पर जिले में सघन वाहन जांच अभियान शुरू

**सुपौल।** होली पर्व एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के मद्देनजर जिले में राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ करने तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा विशेष सघन वाहन जांच अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों एवं कर्मियों की अलगझअलग टीमों का गठन कर जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों, मुख्य सड़कों, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों, बाजारों तथा संवेदनशील स्थानों पर प्रतिनियुक्ति की गई है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन की सुरक्षा, विधि-व्यवस्था का संधारण तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम है। विशेष रूप से होली के दौरान बाइकर गैंग की गतिविधियों, नशे की हालत में




वाहन संचालन, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, बिना वैध कागजात के वाहन परिचालन तथा नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन के मामलों पर विशेष नजर रखी जाएगी। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत सभी प्रवर्तन पदाधिकारियों को वैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार आर्थिक दंड अधिरोपित किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित वाहन को विधिझसम्मत प्रावधानों के तहत जब्त भी किया जा सकता है। होली पर्व के दौरान शराब या अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाने वालों पर विशेष सख्ती बरती जाएगी। ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना, तीन सवारी बैठाना, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन संचालन करना तथा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी विशेष जांच की जा रही है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सार्वजनिक परिवहन वाहनों का परिचालन सभी आवश्यक मानकों एवं सुरक्षा नियमों के अनुरूप हो। परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन के आवश्यक दस्तावेज–ड्राइविंग लाइसेंस, निबंधन प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र–अद्यतन रखें और यातायात नियमों का पालन करें। जिला परिवहन पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार सज्जन ने कहा कि यह अभियान केवल राजस्व संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि आमजन के जीवन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सड़क सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी नागरिकों के सहयोग से ही दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने कहा कि होली पर्व के दौरान विभाग पूर्णतः सक्रिय एवं सतर्क रहेगा तथा कानूनझव्यवस्था एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि वे सुरक्षित एवं जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाएं और शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं आनंदमय होली मनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

## एक नजर

### नाले किनारे नवजात का शव मिलने से सनसनी



**सुपौल।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक नवजात शिशु का शव नाले के किनारे मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने करीब साढ़े आठ बजे राघोपुर डाक-बंगला के समीप शव देखा, जिसके बाद आसपास भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्चे को लाल चादर में लपेटकर अस्पतालों में उपयोग होने वाले प्लास्टिक सर्जिकल बेड के साथ फेंका गया था। ग्रामीणों ने जब नजदीक जाकर देखा तो नवजात के हाथ में मेडिकल इंट्राकैथ लगा हुआ था, जिससे आशंका जताई जा रही है कि बच्चे का जन्म किसी अस्पताल या चिकित्सकीय देखरेख में हुआ होगा। मृत शिशु लड़का बताया जा रहा है तथा उसकी नाक से खून बहने की बात भी सामने आई है। घटना की सूचना फैलते ही आसपास के गांवों में चर्चा का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मानवता के नाते ग्रामीणों ने नवजात के शव को सम्मानपूर्वक मिट्टी में दफना दिया। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### लगातार तीसरी बार निर्विरोध जदयू जिलाध्यक्ष बने राजेंद्र प्रसाद यादव



**सुपौल।** जिला मुख्यालय स्थित शहनाई रिजॉर्ट में रविवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के जिलाध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से राजेंद्र प्रसाद यादव को लगातार तीसरी बार जिला अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। निर्वाचन पदाधिकारी हारून रशीद ने घोषणा करते हुए बताया कि सभी जदयू पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सहमति से राजेंद्र प्रसाद यादव को पुनः जिला अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता और मजबूती का यह परिणाम है कि चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। चुने जाने के बाद श्री यादव का पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर सांसद दिलेश्वर कामेत, अमर कुमार चौधरी, जगदीश यादव, प्रमोद मंडल, हरेकांत झा, पूर्व विधायक लखन ठाकुर, प्रियंका यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। अपने संबोधन में नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने सभी नेताओं और कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास जारी रहेगा। मौके पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

### 05 ग्राम स्मैक एवं 06 मोटरसाइकिल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के सुलतानगंज थाना अंतर्गत एक अपराधर्मी को 05 ग्राम स्मैक एवं 06 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी रविवार को सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी औरछिनतई के हॉट-स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में एसएसपी को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि सुलतानगंज थाना के अंतर्गत अब्जूगंज में कुछ लोग मादक पदार्थ की खरीद ब्रिकी कर रहे है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसपी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर भागलपुर एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं छापामारी के क्रम में एक अपराधकर्मी अमित कुमार झा को अब्जूगंज चौक से हिरासत में लेकर पूछ-ताछ एवं तलाशी के क्रम में 17 पुड़िया स्मैक लगभग-05 ग्राम, 02 डिजीटल वेट मशीन, एल्यूमीनियम पेपर, पारासिटामोल सात पीस, छः मोटरसाइकिल एवं 9450 रुपया नगदी के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पूछ-ताछ करते हुए सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर इस घटना में संलिप्त अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में मृत्युंजय कुमार थानाध्यक्ष सुलतानगंज थाना सहित अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे।

### पीएम किसान योजना का पैसा लाभुकों के खाते से अवैध रूप से निकासी मामले में दो गिरफ्तार

**भागलपुर।** भागलपुर के सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि पीएम किसान योजना का पैसा लाभुकों के खाते से अवैध रूप से निकासी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडा फोड़ करते हुए प्रमुख सरगना को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सिटी एसपी ने कहा कि एसएसपी के निदेर्शानुसार साईबर अपराध से संबंधित कांडो में संलिप्त साइबर अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार तकनीकी विश्लेषण एवं छापामारी किया जा रहा है। इसी क्रम में चंदन कुमार साह के द्वारा लिखित रूप सूचना दिया गया कि पीएम किसान योजना के तहत जिन किसानों का पैसा खाते का केवाईसी नही होने के कारण रूका हुआ है। उसका केवाईसी के नाम पर एक गिरोह द्वारा धोखे से खाता खोलकर लाभुकों का सारा अवैध रूप से निकासी किया जा रहा है। इस संबंध में साइबर थाना भागलपुर में सुसंगत धारओं में प्राथमिकी दर्ज किया गया। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसपी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक, नगर भागलपुर के निगरानी तथा पुलिस उपाधीक्षक, साइबर भागलपुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान से ज्ञात हुआ कि उक्त कांड में संलिप्त दो साइबर अपराधियों द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के मदद से भागलपुर के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत किसी स्थान से गिरोह का तकनीकी संचालन किया जा रहा है। गठित टीम के द्वारा सूचना के सत्यापन एवं गिरफ्तारी के लिए तकनीकी अनुसंधान से प्राप्त सूचना के आधार पर मोजाहिदपुर थानान्तर्गत मुहल्ला वारसलीगंज स्थित एक मकान में छापामारी किया गया। जहा छापामारी के क्रम में दो साइबर अपराधियों अमर कुमार तांती एवं राहुल कुमार को इस घटना में प्रयोग किये जाने वाले लैपटॉप, मोबाईल फोन, एटीएम, खाता पासबुक, मोबाईल प्रिंटर मशीन, बायोमेट्रिक मशीन, चार्जर एवं लाखों में नगद राशि के साथ गिरफ्तार कर इस संबंध में आवश्यक पूछ-ताछ कर इस कांड संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगतार छापामारी किया जा रहा है।

### सीवान स्टेशन पर 15 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सीवान।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान एवं अपराध आसूचना शाखा छपरा की संयुक्त टास्क टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर निगरानी के दौरान रविवार को एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 75 पाउच बंटी-बबली ब्रांड देसी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 15 लीटर बताई गई है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा के निर्देश पर निरीक्षक सीआईबी छपरा तथा प्रभारी निरीक्षक सीवान सुभाष चंद्र यादव के नेतृत्व में टीम द्वारा स्टेशन परिसर में आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन संख्या 15106 से उतरकर प्लेटफॉर्म से बाहर निकल रहे एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं।